प्रकाशक

मंगल प्रकाशन

गोविन्द राजियों का रास्ता,

जयपुर-१

प्रथम संस्करण [पुनःसंस्कारित] १९७४

मूल्य

१५—००

मुद्रक

मातृभूमि प्रिंटिंग प्रेस, जयपुर

विषय सूची

भूमिका

अ. फागु काव्य, परिवेश, परम्परा और प्रवृत्तियाँ

प्रसंगवश कई फागु काव्यो के सपादको और चिन्तको ने फागु शब्द की व्युपत्ति देने का प्रयास किया है। 'वसत विलास' फागु के सपादक कान्ति लाल व्यास ने फागु की व्युत्पत्ति सस्कृत के फाल्गुन शब्द से इस प्रकार दी है।

फाल्गुन → फागु → फागु।[1]

डॉ० भोगी लाल साडेसरा ने इस व्युत्पत्ति को भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से असंगत ठहराते हुए अपना मत इस प्रकार दिया है :—

फग्गु → फगु → फागु।[2]

इन व्युत्पत्तियो पर विचार करने से पूर्व शब्द के इतिहास और परिवेश पर दृष्टपात करना आवश्यक होगा। 'फल्गु' शब्द सामान्य रूप से तीन अर्थो मे संदर्भित होता है :—

(१) वसन्त, (२) रक्त वर्ण, (३) श्वेत वर्ण का एक विशेष नक्षत्र।

ये तीनो ही अर्थ वसत से सबधित है। इस शब्द से जो व्युत्पत्तियाँ हुई वे इस प्रकार हैं।

(१) फल्गु → फाल्गुन → फागुन। (२) फल्गु → फग्गु → फागु → फाग।

उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के अनुसार उस मास का नाम फाल्गुन और ऋतु का नाम वसंत पडा। यद्यपि ऋतु चक्र के अनुसार वसत ऋतु चैत और वैशाख मासो का प्रतिनिधित्व करती है, परन्तु लोक जीवन मे उसके आगमन का उत्साह उमग और स्फूर्ति फाल्गुन मास से प्रारभ हो जाती है। होली का पर्व भी इसी मास मे आता है, जिसका एक नाम वसतोत्सव भी था। फागु शब्द फल्गु से व्यु-

---

१. कान्तिलाल व्यास, वसत विलास, भूमिका, ३७।

२. डॉ० सांडेसरा, 'प्राचीन फागु काव्य सग्रह' फागुनो साहित्य प्रकार, पृष्ठ ५३–५४।

त्पन्न है, जिसका सीधा अर्थ हुआ वसंत । इस आधार पर फागु की परिभाषा हुई — फागु वह काव्य है, जिसमे वसत की सुषमा और क्रीडाओ का वर्णन किया जाता है ।

इस सन्दर्भ मे १२ वी शती के हेमचन्द्र द्वारा प्रसगति 'फग्गु' शब्द का उल्लेख किया जाता है, और उसका अर्थ वसतोत्सव से लगाया जाता है ।[1] लेकिन सदर्भित अंश की पूरी पक्ति को पढ़कर देखा जाय तो ज्ञात होगा कि केवल 'फागु' शब्द का अर्थ वसतोत्सव नही है । वहाँ हेमचन्द्र ने 'फागु महुच्छणे' शब्द को प्रयुक्त किया है, जिसका सीधा अर्थ होता है—(फल्गु मधुक्षणे) । इस तथ्य से हमारी धारणा और भी पुष्ट हो जाती है कि फागु का अर्थ वसंत ही है ।[2] दूसरा प्रबल साक्ष्य आदि-फागु 'वसत विलास' का है, जिसमे वसत वर्णन को प्रमुखता दी गई है ।

सस्कृत के 'फल्गु' शब्द से 'हल्का' 'हका' अर्थ लगाकर जो व्यर्थ की खीचा-तानी की गई है[3], वह असगत है, परवर्ती फागु काव्य जैसे 'गणपति फागु', मोहिनी फागु', 'विरह देशाउरी फागु' जैसे कतिपय अपवादो को छोडकर, शेष फागु काव्यों मे विशिष्टतया जैन फागु काव्यो मे सयम मर्यादा और काव्य का सतुलन है । शृंगारिक और अनैतिक भावनाओ का विकास १५ वी और १६ वी शती मे हुआ जो कि समकालीन युगबोध और सामाजिक मूल्यो की देन थी । वह शृंगारिक प्रवृत्ति कृष्ण काव्य मे भी शनैः शनै पनप रही थी और जिसका पूर्ण विकास रीतिकालीन काव्य मे हुआ । यह प्रवृत्ति पूर्ववर्त्ती फागु काव्य जैसे 'जिनचद सूरि फाग', 'थूलिभद्द फागु' और 'नेमिनाथ फाग' मे परिलक्षित नही होती । 'वसंत

---

१. 'Hem Chandra in his Des inamamala explains it as'फग्गु महुच्छणे', 'Phaggu means the festival of spring' (M. C. Modi, Vasent vilasa Phagu, Introduction, p. 9)

२. फागुन महुच्छणे फलही ववणीफसुल फसुला मुक्के (देशी नाम माला पष्ठ वर्ग ८२), विवेच्य लेखक ने टीकाकार के अर्थ पर ध्यान दिया है, जिसने फागु का अर्थ ही वसतोत्सव कर दिया है ।)

इस शब्द का उल्लेख सरस्वती कठाभरण मे उसी अर्थ मे मिलता है :—
(अ) सा तइ सहत्थ दिण्ण फग्गुच्छणकद्दम थणच्छगे (५–२२९)
(आ) फग्गुच्छण चिक्खिल्ल ज तइ दिण्ण थणच्छंगे । (५–२२)
(इ) फागुमहे तरुणीओ गइगइ मुअहत्थ चिक्खिल्ले । (५–३०४)

३. फल्गु k. also means 'Light' and the poem is a much as 'it describes the light joys of youthful Coonples in spring.' (M. C. Modi, Vasant vilas phagu, Introduction, P. 9)

विलास फागु' जो शृंगार रस की निष्पत्ति की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ फागु काव्य है उसमे भी वही शृंगारिक प्रवृत्तियां हैं, जो कालीदास के 'ऋतु संहार' और जयदेव के 'गीत गोविन्द' मे पाई जाती है। अतः यह धारणा निर्मूल है कि फागु काव्य 'हल्का' होता है। किसी किसी फागु काव्य मे तो हृदय की वह गहराई है कि जिसमे पैठने मे काफी समय लग सकता है।

यह सुनिश्चित है कि फागुओ को नृत्य और गायन के साथ फागुन मास मे प्रस्तुत किया जाता रहा होगा। अन्त.साक्ष्यो के आधार पर यह बात प्रमाणित हो जाती है :—

१. निशि वशि कीधो नारीये रे, मुरारी सुन्दर श्याम।
एणी परये फागण खेली रे, हैयानी तूरी हाम ॥[1]

यहाँ फाग को फागण ही कहा गया है, जो फाग और फागुन के अन्योन्याश्रय संबन्ध को प्रकट करता है।

२. फाग फागुणी गाऊ क्रिष्ण केरा, फल जोउ फोकट टलई फेरा।[2]
३ फागुण पवन हिलोहलई, फागु चवइ वर नारि, हे
सदेसडउ न पठ्यउ, वृंदावनह मझारि हे।[3]
४. फागुण फाग न मुगमइ, दमइति मदन शरीर।[4]
५ धण्नधन वसत तणी रति, धन-धन फागुण मास।[5]
६. विरहि वसंत सो आवीअ, फागण तरुणि गाइ।
राउ करूं रसीय घणु, सरसति तणइ पसाइ ॥[6]

इन अन्तःसाक्ष्यो के आधार पर यह स्पष्ट हो जाता है कि फागु का गायन फागुन मे होता था।[7] वसतागमन का उल्लास भी इसी मास मे मनाया जाता था और अब भी मनाया जाता है। इस नैकट्य का परिणाम हुआ कि फागु को फागुण का अभिधान प्राप्त हो गया। लेकिन छन्द सख्या २, ३, ४ से यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनो का पृथक् पृथक् अस्तित्व था।

---

१. केशवदास कृत श्री कृष्णलीला काव्य, सर्ग १५, कडी २२।
२ चतुर्भुज, भ्रमरगीता, कडी ३।
३. अज्ञात कवि कृत, कान्हण बारहमास, कडी ९।
४. अज्ञात कवि कृत, नेमिनाथ फागु १६।
५. सोनीराम, वसंत विलास, ५०।
६. अज्ञात कवि कृत विरह देसाउरी फागु, कडी १६।
७. (अ) फाग गाइ सब गोरडी, जब आवइ मधुमास (जयवत सूरि कृत स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फाग, कडी ४४)
(आ) चैत्रिय पुनि मनि दिनि फाग रमि नरनाहू ए। (हीर कलश कृत सिंहासन बत्तीसी ह० प्र० पत्र ४०)

वसत ऋतु मे यह फागु गायन फाल्गुनी पूर्णिमा से चैत्रीय पूर्णिमा तक चला करता था। आगे चलकर यही नाम फगु से फाग हो गया। 'जम्बु स्वामी फाग', 'पुरुषोत्तम पाँच पाडव फाग', 'भारतेश्वर चक्रवर्ती फाग', 'रगसागर नेमि फाग', 'कीर्ति रत्न सूरि फाग', 'राणपूरमडन चतुर्मुख आदिनाथ फाग', 'वाहणनु फाग', 'स्थूलिभद्र-कोशाप्रेमविलास फाग', 'वासुपूज्य मनोरम फाग' और अध्यात्म फाग' आदि फागु शीर्षक इसके द्योतक है। फाग फब्द का प्रचलन १५ वी शती के पूर्वार्द्ध मे हुआ, क्योकि 'जम्बु स्वामी फाग', 'पुरुषोत्तम पाँच पाडव फाग' और 'भरतेश्वर चक्रवर्ती फाग' १५ वी शती के पूर्वार्द्ध और १४ वी शती के उत्तरार्द्ध की रचनायें हैं। समय के साथ फागु शब्द का अर्थ सकुचित हो गया। वसंत वर्णन और वसत क्रीडा से सम्बन्धित अर्थ अब शनैः शनै. फाल्गुनी पूर्णिमा को होने वाली फागुक्रीडा से सम्बन्धित काव्य को व्यवहृत होने लगा। श्री राणपुर मडल चतुर्मुख श्री आदिनाथ फाग के इस छन्द से यह स्पष्ट हो जाता है :—

वेणा वस वजावइए भावइं पचम राग,
रगभरि इक खेलइ गोलिइं जिणवर फाग।[1]

इसके बाद तो हिन्दी के अष्टछाप के कवियो ने फाग को पूर्णतया होली गीतो पर लागू कर दिया। फाग शब्द केवल होली गीतो के लिए प्रयुक्त नही हुआ, अपितु एक छन्द विशेष के लिए भी रूढ़ अर्थ के रूप मे व्यवहृत हुआ। वह छन्द था अन्तर्यमक वाला दोहा।

अविर्भाव :—

फागु काव्य की परम्परा सस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश मे उपलब्ध नही होती। हर्ष प्रणीत 'रत्नावली' नाटिका मे होली (फाग) खेलने का अवश्य उल्लेख है। तीसरी शती के कामसूत्र मे भी इस प्रकार का उल्लेख मिलता है, परन्तु यह उल्लेख होली का है न कि फागु काव्य का। इसका कारण यह था कि फागु काव्य लोक जीवन मे अपने लोक रूप के साथ प्रचलित था। संस्कृत काव्य सामतो काव्य था, तो प्राकृत और अपभ्रश पर प्रवुत्द जैन कवियो का रहा, जिन्होंने अपने धर्म, नीति दर्शन, तीर्थङ्करो के चरित्र, अलौकिक कार्यों, इन्द्रिय निग्रह और सयम श्री का वर्णन किया है। प्राचीन उल्लेखो से इतना अवश्य ज्ञात होता है कि वसत ऋतु मे राज परिवार, सामत वर्ग, एव सामान्य जनता आमोद प्रमोद के लिये उद्यानो मे जाती थी। उस समय जो गीत, लास्य, नाटक प्रभृति होने थे उसी से फागु काव्यो को प्रेरणा मिली। उस समय नाटको का प्रचलन भी व्यापक रूप से रहा होगा। महाकवि कालीदास का 'मालविकाग्निमित्रम्' नाटक और महाकवि हर्ष प्रणीत 'रत्नावली' नाटिका वसन्तोत्सव पर ही खेले गये थे। यह परम्परा शनैः

---

१. राणपुर मडन चतुर्भुज आदिनाथ फाग, कड़ी ७३।

शनै. विलुप्त हो गई। मुगल काल मे आकर इनमे गत्यावरोध सा आ गया, परन्तु आज भी इस अवसर पर स्वाग, नृत्य आदि प्रचलित हैं।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता हैं कि फागु, लोक जीवन से गृहीत होकर शिष्ट काव्य के रूप मे प्रयुक्त हुआ । नृत्यगीत और अभिनय का समावेश वसतोत्सव से हुआ। ऋतु परिवर्तन पर अभिनीत नाटको ने भी इसके विकास मे योग दिया।

वसत वर्णन, इस काव्य की प्रमुख विशेषता है। जिसका उद्भव सस्कृत के ऋतु काव्यो और सुभाषितो से एव प्राकृत के वसत वर्णन से हुआ। अपभ्रश का योग इसमे अधिक नही रहा है। अपभ्रश की अपेक्षा सस्कृत और प्राकृत का वसत वर्णन कही अधिक समृद्ध, मनोहर एव प्रभावोत्पादक है । दूसरे 'वसत विलास फागु' मे उद्धृत सस्कृत एव प्राकृत के सुभाषित इस बात के प्रतीक हैं कि फागु काव्यो का वसन्त वर्णन सस्कृत और प्राकृत के अधिक समीप एव ऋणी रहा है। यहा जैन फाग काव्यो के सम्बन्ध मे शंका उठाई जा सकती है । इसलिये उसके परिप्रेक्ष्य और परिवेश पर विचार करना सगत होगा।

जिस प्रकार परवर्त्ती सस्कृत कवियो ने व्यक्ति विशेष चाहे वह धीरोदात्त, धीर ललित अथवा धीर प्रशात नायक हो या गण्य-मान्य पुरुष हो, अथवा धर्म प्रवंत्तक हो, को लेकर चरित काव्य लिखना प्रारभ किया, उसी प्रकार प्राकृत मे भी इस परम्परा को ग्रहण किया गया। बाण भट्ट के 'हर्ष चरित्र' की तरह विमल सूरि ने 'पउम चरिय', वीरभद्र सूरि ने 'जम्बू चरिय', धनेश्वर ने 'सुरसुन्दरी चरिय', नेमिचन्द्र ने 'रयणचूड राय चरिय', गुण चन्द्र गणि ने 'पासणाह चरिय' और 'महावीर चरिय', देवेन्द्र सूरि ने 'सुदसणा चरिय' एव 'कण्ह चरिय' लिखे। यद्यपि प्राकृत काव्य मे विशुद्ध काव्य भी समान मात्रा मे लिखे गए थे। परन्तु अपभ्रश का तो अधिकाश काव्य चरित काव्य के रूप मे ही लिखा गया । केवल विद्यापति की रचनाये तथा अद्दहमाण (अब्दुल रहमान) कृत सदेशरासक' इसके अपवाद रहे है। इस प्रकार चरित काव्य का सस्कृत मे प्रयोग, प्राकृत मे विकास और अपभ्रश मे उसका चरम विकास रहा है।

अपभ्रश काव्य के विघटित होते ही जैन कवियो ने इस सम सामयिक नवीन सकुचनशील परिस्थिति मे नवमार्गान्वेषण किया। परिवर्तित एव विकसित होती हुई भाषा (विशिष्टतया प्राचीन गुजराती, प्राचीन राजस्थानी और पुरानी हिन्दी मे) कुछ चरित काव्य निबद्ध करने का प्रयास हुआ। बडे-बडे प्रबन्ध काव्य लिखने की क्षमता न होने से (इसमे विकसनशील भाषा बहुत कुछ उत्तरदायी है) अभेद्य क्षेत्रो मे जाने के लिए नए प्रयास हुए। इन अन्वेषणो मे उन्हे रास, फागु, चच्चंरी (चर्चरिका) और धमाल जैसे लोक काव्य रूप प्राप्त हुए और उनमें कवियो नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा का परिचय दिया। जैसे जैसे शिष्ट काव्य मे इन लोक

काव्य रूपो को व्यवहृत किया गया, वैसे वैसे इनमे गरिमा और प्रयोग-सभूत अभिनवता आती गई। जैन और अजैन कवियो ने अपने-अपने अभिनव प्रयोग किये अजैन फागु काव्यो मे सामान्य नायक और नायिका भी काव्य विवेच्य बने। लेकिन कुछ समय पश्चात प्रयोग काल समाप्त हुआ और अभिव्यजना रूढि का विकास हुआ जो कि काव्य की चरम परिणति, अनुभूत सिद्ध देखी गई है।

फागु काव्य भी अपने मूल रूप मे लोक काव्य का एक रूप था जिसका मूल सबध वसंत वर्णन और वसत क्रीडा से था। संभवतया इस परम्परा के लौकिक फागु काव्य अधिक लिखे गए होगे। 'वसत विलास फागु' उसी समृद्ध परम्परा की एक कडी है। जैन फागुओ के सुरक्षित रहने का एक बहुत बडा कारण कट्टर धार्मिक भावना का होना रहा है। जैन कवियो ने उस परम्परा को धार्मिक मोड दिया और मुख्यतया चरित फागु लिखे।

जैन कवियो द्वारा अपने फागु काव्यो मे वसंत वर्णन गौण, तथा धार्मिक निरूपण और सयम श्री मे उसका पर्यवसान प्रमुख हो गया। परन्तु इन जैन कवियो ने उसकी मूल 'थीम' की रक्षा के लिये प्रेमगाथाओ, नारी सौन्दर्य, निरूपण, एव विरह व्यजना को अपना किंचित वर्ण्य विषय बनाया। नेमिनाथ-राजीमती और स्थूलिभद्र कोशा की कथाये इनकी उपजीव्य रही है।

अब तक लगभग १०० फागु काव्य उपलब्ध हो चुके है। इनमे से कुछ सम्पादित है। इनमे बाहुल्य जैन फागु काव्यो का ही है। फागुओ की रचना १४वी शताब्दी से लेकर १८वी शताब्दी तक अबाध रूप से होती रही है।

अब तक के प्राप्त फागुओ को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है :—

प्रवृत्तियाँ :—

यहां उन्ही प्रवृत्तियो का उल्लेख किया जा रहा है, जिनके प्रमाण अन्त. साक्ष्य, विशिष्टतया कवि निर्देश द्वारा प्राप्य है। ये प्रवृत्तियां वर्ण्य वस्तु से सम्बन्धित अधिक हैं, काव्यगत उपलब्धियो से कम। काव्य-उपलब्धियो पर बाद में विचार किया जायगा। इन वस्तुगत प्रवृत्तियों के आधार पर ही फागु काव्य के सामान्य रूप-रंग सम्बन्धी गठन को सहज समझा जा सकता है।

१. वसत वर्णन :—

फागु काव्य का वसन्त वर्णन से अन्योन्याश्रय का सम्बन्ध न होकर, वे एक दूसरे के विपर्यय हैं। अपने मूल मे फागु काव्य इसी विशिष्टता के साथ उद्भूत हुआ। शब्द की व्युत्पत्ति के प्रसग मे हम इसे देख चुके हैं। फागु काव्यो की परिभाषाएँ भी वसन्त वर्णन तत्व से समन्वित हैं[1]। कुछ फागु काव्य जैसे 'वसत विलास फागु' आदि का नामकरण वसन्त ऋतु के आधार पर किया गया है। कवियो के द्वारा निर्दिष्ट तथ्यो से यह धारणा पुष्ट हो जाती है।

१ गाइसु मास वसन्त हुऊँ मरहेसर नर विंदो।[2]

२. पहुतीय शिवरति समरति हव रितुतणीय वसन्त।[3]

३. फाग रमे प्रीय चाल्यो होलडी आवी नाह
पाए हो लागु बाल्हाताहरइ इणि रिति मेल्हेम जाई।[4]

४. माघ माधव रिति की मानि कत, रतिपति रमीइ राउ बसन्त।[5]

उपर्युक्त तथ्यो से स्पष्ट हो जाता है कि वसन्त वर्णन फागु काव्यो का अनिवार्य तत्व है। लेकिन यह कथन कतिपय जैन फागु काव्यो के साथ अपवाद की अपेक्षा रखता है। अधिकांश जैन फागु काव्यो मे, विशिष्टतया कृष्णर्षीय जयसिंह सूरि कृत प्रथम 'नेमिनाथ फागु', प्रसन्न चन्द्र सूरि कृत 'रावणि पार्श्वनाथ फागु', अज्ञात कवि कृत 'जम्बु स्वामी फागु' मे तथा अन्य फागुओ मे भी वसन्त वर्णन उपलब्ध होता है, लेकिन कुछ जैन फागु काव्य जैसे 'थूलि भद्द फागु' और राजशेखर सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु' मे यह वसन्त वर्णन नही है। थूलिभद्द फागु मे तो वसन्त के स्थान पर वर्षा वर्णन है। परन्तु इस कतिपय काव्यो से वसन्त की सार्वभौमिकता पर कोई प्रभाव नही पडता, क्योकि इनसे पूर्ववर्ती एव सबसे प्राचीन जैन फागु काव्य मे वसन्त वर्णन किया गया है। इस दृष्टि से जिनपद्म सूरि और राजशेखर सूरि के प्रयास प्रयोग साध्य है।

---

1 (a) The Phagu is so called because it mainly deals with the joys and pleaseres of spring time which is at its best in the month of Phaguna. (Kantilal Vyas, Vasanta Vilas, 1942)
(b) A Phagu is a poem light and amorons in tone describing the beauties of spring and amours of youthful lovers (Introduction, Vasant Vilas Phagu–M.C Modi)

२. भरतेश्वर चक्रवर्त्ती फाग १।

३ वसत विलास फागु, २।

४. वसत विलास (सोनी राम), ६।

५. अज्ञात कवि कृत चुपई फागु, १६।

जैन फागु काव्यो मे वसन्त वर्णन किया अवश्य गया है, परन्तु वह उतना मादक, प्रभावोत्पादक, उद्दीपक, मोहक और स्फूर्तिजनक नही है, जितना कि अजैन फागु काव्यो मे। जैन धर्म के प्रवृत्यात्मक आयामो मे वह वर्णन मर्यादित और सयमित हो गया हो, ऐसी वात नही है, वस्तुतः वह वर्णन भावना शून्य होकर परम्परा निर्वाह के लिए किया गया है। नाम-परिगणना पद्यति और पुनरावृति का दोष इन फागुओ के वसन्त निरूपण मे दृष्टि-गोचर होता है। वस्तुतः वसत वर्णन मैनरिजम (अभिव्यना रुढि) का प्रतीक वन गया है क्योकि 'वर्णरत्नाकर' जैसे ग्रथो ने काव्य रूढ़ियाँ प्रचलित की थी। उन काव्य रूढियो से सृजन प्रक्रिया में गत्य-वरोध आ गया। यह सुनिश्चित है कि यह वसन्त वर्णन अनुभूत्यात्मक होने की अपेक्षा परम्परात्मक है, और जिसमे कवियो की सहृदयता, भावुकता और कल्पना की प्रखर मेधा-शक्ति कही भी परिलक्षित नही होती।

२. वसत क्रीडा—

फागुओ का दूसरी प्रवृति और वर्ण्य विषय वसन्त क्रीडा है। युग के अनुरूप वसन्त क्रीडा का रूप भी वैविध्य पूर्ण रहा है। फाग-क्रीडा भी इसका एक अंग वन गई थी। नायक नायिकाओ की वसत कालीन क्रीडाओ का वर्णन इन फागु काव्यो मे प्रचुर मात्रा मे मिलता है। कवियो के उल्लेखो से यह स्पष्ट हो जाता है:—

१. अहे वसन्त क्रीडातीह आतकरि, आणद मुनिनि पूरि,
मनरगि एम वोलि, श्रीगुण चन्द सूरि।[1]

२. हरि हलहरसउं नेमि पहु खेलइं मास वसन्तो,
हावि भावि भिज्जइ नही य भामिणि माहि भमंतो।[2]

३. वसत ऋतुराज खेलइ, गेलिइं गाती फागु।[3]

४. ए फागु उछरग रमइ जे माम वसन्ते,
तिणि मणिनाण पहाण कीत्ति महियल पसरते।[4]

५ फागुण रति वसन्त षेलीयरे हईडिहरप मंनमां नह।[5]

६. आज सखी मन कपए, तालावेलि करेई,
फागु खेलण दिन आवीउ, प्रिय देसांतर लेइ।[6]

---

१. गुणचद्रसूरी, वसत फागु, कडी, १६।
२. राजशेखर सूरि कृत नेमिनाथ फागु, कडी ४।
३. हेमरत्नसूरी फागु, १७।
४. कीतिरत्न सूरि फागु, कड़ी ३६।
५. अज्ञात कवि कृत नेमिनाथ फागु, कडी १६।
६ विहर देमाहरी फागु, १।

७, फगु वसंतिजि खेलइ, वेलइ सुगुन विधान,
विजयवत ते छाजइ, राजइ तिलक समान।[1]

इन सभी दृष्टान्तो से स्पष्ट हो जाता है कि काव्य की महत्वपूर्ण विशेषता वसन्त क्रीडा वर्णन ही है। जैन और जैनेतर कवियो ने कतिपय पूर्वोल्लिखित अपवादो को छोडकर, इस प्रवृत्ति को अपनाया है। जैन और जैनेतर फागु कवियों के वसत क्रीडा वर्णन मे उतनी दूरी है जितनी उनकी मान्यताओ एव परिवेश मे। धार्मिक कुण्ठा ने इन जैन फागु कवियो की सजग प्रतिभा को उभरने नही दिया।

वसत क्रीडा का आशय वसत मे होने वाले उल्लासो, नायक-नायिका के केलि विलास, रति-क्रीडा, जल-विहार, जन-विहार और उद्यान गमन से है। फागु कवियो ने अपने अपने दृष्टिकोणो से इन क्रीड़ाओ का वर्णन किया है।

३. गेय रूपक :—

फागु काव्यो की रचना मुख्यतया अभिनय नृत्य, और गायन के लिए हुई। प्रारम्भिक काल मे ये सामान्य जनता द्वारा गाये जाते रहे होगे। कथा प्रधान फागुओ मे तो अभिनय तत्व अवश्य रहा होगा। अभिनय और नृत्य सम्बन्धी उल्लेख इस प्रकार है:—

१. खरतरगच्छि जिण पदमसूरि किए फागु रमेवउ,
खेला नाचई चैत्र मासि रगिहि गावेवउ।[2]

२. तिणि पुरि पासह वर भुवणि, चालहु चहु दिसिनारे,
फाग छदि अम्हि खेलिसु मारु जुईहु संसारे[3]

३. अरे समुधरु भणइ, सोहावणउ फागु खेलउ विचार।[4]

४. पीण पयोहर अपच्छर गूजर धरतीय नारि,
फागु खेलइ ते फरि फरिनेमि जिणेसर वारि।[5]

५. फागु खेलइ मन रंगिहि हसगमणि मृगनयणि।[6]

६ जे खेलइ ते अर्हपद पामइ पूरी।[7]

---

१. अज्ञात कवि कृत जबुस्वामी फाग, कडी ५९।

२. जिन पद्मसूरि, स्थूलिभद्र फागु, २७।

३. प्रसन्न सूरि कृत रावणपार्श्वनाथ फागु, ६१।

४. समधुर, नेमिनाथ फागु २८।

५. पद्म, नेमिनाथ फागु, ५।

६ पद्म, नेमिनाथ फागु ९।

७. जयशेखर सूरि, प्रथम नेमिनाथ फागु ५७।

यहाँ फागु खेलइ का अर्थ अभिनय करने से है । गेय तत्व तो फागु काव्य का प्रमुख अ ग है । उसके साथ वाद्य यन्त्रो तथा ताली के माध्यम से लय दी जाती थी ।

१ वाजे झाझ पखाज ने सोहेली रमे फाग,
ताली देई तरुणी गाय नवला रे राग ।[1]

२. गाइ अभिनव फाग, साचवइ श्री राग ।[2]

३. फागुणी पावन हिलोहलइ, फागु चवइवर नारी है ।[3]

४. फाग फागुणी गाऊँ त्रिप्पण केरा, फलजोउ फोकट टलइ फेरा ।[4]

५. वेणा यन्त्र करइ अलि विणि, करइ गानि ते सविसुर रमणी,
मृदग सर मण्डल वाजत, भरर भाव भरा रमइ वसन्त ॥[5]

६. फाग गाइ सवि गोरडी जव आवइ मधुमास ।[6]

७. एह फाग जे गाइसिइ, तेह धरि मगल च्यार,
श्री जिन शासनि गाइसिउं लाभइ सुख अपार ।[7]

८. धनु-धनु ते गुणवंतु वसत विलासु जि गाइं ।[8]

उपर्युक्त उद्धरणो से स्पष्ट हो जाता है कि गेय तत्व जैन और जैनेतर फागु काव्यो का प्रमुख अ ग रहा है । वसत राग, श्री राग, मल्हार राग[9] आदि राग इनके गायन मे प्रयुक्त होते थे । जैन धर्म की दृष्टि से चरितात्मक फागु काव्य का गायन मगल सुख आदि को प्रदान करने वाला और पापो का विनाश करने वाला है ।[10]

---

१. प्रेमानन्द कृत 'भास', ८९-९ ।
२. नारायण, ४३ ।
३. अज्ञात कवि कृत कान्हण वारहमास, ९ ।
४. चतुर्भुज कृत भ्रमर गीता ।
५. अज्ञात कवि कृत चुपाई फागु, ३७ ।
६. जयवत सूरि, स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फाग, ४४ ।
७. वाहणनु फाग, १२ ।
८. वसत विलास फागु, ८६ ।
९. राजशेखर सूरि कृत नेमिनाथ फागु, २७ ।
१०. फागुरे सुणतह-सुणतह, पापू पणासइ दूरि ।
—कृष्णर्षीय जयसिंह सूरि कृत द्वितीय नेमिनाथ फागु ५४ ।

फागु काव्य विनोद के लिए लिखे जाते थे और विनोद के माध्यम थे—रूपक, नृत्य एव गायन। जय शेखर सूरि ने अपने फागु मे इसे स्पष्ट किया है—

कवितु विनोदिहि सिरिजय सेहर सूरि।[1]

४. काव्यात्मक प्रवृत्तिया :—

काव्यात्मकता ही फागु काव्यो की मूल प्रवृत्ति है। भाव-निरूपण, अलकार और छन्द सयोजना, प्रकृतिपरिवेश, सौन्दर्य के नये आयाम, मगलाचार का विधान, शृंगार- सयोजना, और उदात्तिकरण के समावेश से फागु, काव्य लोक काव्य के धरातल से उठकर शिष्ट काव्य की कोटि मे आते हैं। अन्य गौण काव्यात्मक प्रवृत्तियो की अपेक्षा उन्ही प्रवृत्तियो को यहां विवेच्य बनाया जा रहा है, जो प्रमुख हैं।

अ–विरह व्यजना :—

अधिकांश फागु काव्यो मे नायिका के वियोगजन्यावस्था के परिवेश को ही प्रस्तुत किया गया है। यह परिवेश, जैन और जैनेतर दोनो प्रकार की कृत्तियो मे पाया जाता है। जैनेतर फागु काव्यो मे जहाँ नायिका, गोपिका या राधा का विरह वर्णन है वहा जैन काव्यो मे राजीमती या राजूल का विरह-वर्णन किया गया है। प्रियतम के प्रवासगमनोपरान्त मधुमास आ जाता है ? विरहिणी की वेदना कोयल की मधुर आवाज सुनकर, आम्र मन्जरी, पारिजात, चम्पक, वकुल और पलाश को मुकुलित देखकर, उद्दीप्त हो जाती है। इस उद्दीप विभावान्तर्गत कवि ने विरहिणियो के उद्‌गारो की मार्मिक व्यजना की है। ऐसे परिवेश मे प्रिय वियोग अत्यन्त दुःखदायी प्रतीत होता है। विरहिणियां वायस को बुलाकर उमसे अनुनय विनय करती है :—

देसु कपूरची वामिरे वासि वली सउ एउ,
सोवन चाच निरूपम रूपम पांखुडी बेउ।[2]

कही कही तो नायिका की उक्तियां वडी ही तर्क पूर्ण और अनुभूति परक है—

चचला विण किमो चन्द्रणो मोती विण किमु जुहार
नगर किसो विण नाइका प्रीउ विण सेज शृंगार।

हंसलडा विण सर किसी कोइल विण किसुवन
वालभ विण किसी गोठणी जांणज्यो जगम्र जीवन॥[3]

---

१. जयशेखर सूरि, प्रथम नेमिनाथ फागु, कडी ५७।
२. वसंत विलास फागु ४८।
३. वसन्त विलास (सोनीराम), २०।

आ–परिवेश सज्जा:—

परिवेश चाहे प्रकृति का हो अथवा स्थल विशेष का उसको सज्जा देने में कवियो ने अपनी ओर से कोई कसर नही छोड़ी है। वासन्तीय परिवेश के बारे मे संकेत दिया जा चुका है। वर्षा वर्णन भी 'थूलिभद्द फागु' मे सुन्दर ढङ्ग से किया गया है—

झिरमिर झिरमिर ए मेहा वरिसन्ति।
खलहल खलहल ए वाहला वहन्ति ॥
झवझव झवझव झवझव ए वीजुलिए झवकइ,
थरहर थरहर थरहर ए, विरहिनि मन कंपइ ।[1]

'वसन्त विलास फागु' मे वनान्तर्गत कदली गृह और दीर्घ मण्डपमाल निर्मित परिवेश की सज्जा भी कम मोहक नही है:—

खेलनवावि सुखालीय जालीअ गुपि विश्राम,
मृगमदपूरि कपूरहि पूरिया जलि अभिराम।
रंगभूमी सजकारीअ झारीअ कुंकुम घोल,
सोवन सांकल साधीअ चम्पक डोलि ।[2]

इ–ध्वन्यात्मकता :—

लय और नाद का आकर्षण उत्पन्न करने के लिए और गायन में माधुर्य हेतु, इन कवियो ने अपने फागुओ मे नाद सौन्दर्य और ध्वन्यात्मकता को प्रमुखता दी है। इसके लिए इनका शब्द विन्यास और चयन जडिया जैसा है—

१. झिरमिर झिरमिर झिरमिर ए मेहा वरसन्ति (स्थूलिभद्र फागु)।
२. रिमझिम रिमझिम रिमझिम ए पयनेउर जुयली (नेमिनाथ फागु)।

–ई सौंदर्य बोध :—

फागुकारो का सौन्दर्य बोध अधिक सजग एवं चेतनाशील था। यह सौन्दर्य, विशिष्टतया नारी सौन्दर्य बोध परम्परागत न होकर इनकी मौलिक उद्भवनाओं द्वारा निःसृत था। 'थूलिभद्द फागु' मे कोशा के नखशिख का वर्णन कवि ने अलंकृत शैली मे किया है। यह शृंङ्गार निरूपण आलम्बन विभावान्तर्गत आता है।

मयण खग्ग जिम लहलहन्त जसु वेणी दण्डो,
सरलउ तरलउ श्यामलउ रोमावलि दण्डो

---

१. थूलि भद्द फागु, ६-७।
२. वसन्त विलास (फागु), ९-१०।

तुङ्ग पयोधर उल्लसइ सिंगार थपक्का,
कुसुम वाणि निय अमिय कुंभ किरथापाणि मुक्का ॥

इस सौन्दर्य बोध मे कवि की शैली ने भी अपना चमत्कार प्रदर्शित किया है कोशा की श्यामल वेणी, कामदेव के श्याम खड्ग सदृश लहलहा रही है। उसकी सरल तरल और श्यामल रोमावलि सुशोभित हो रही थी। उत्तुङ्ग पयोधर ऐसे प्रतीत हो रहे हैं जैसे शृंङ्गार रूपी पुष्प के स्तवक हो अथवा कामदेव ने अमृत कलशो को लाकर रख दिया हो।

५. धार्मिकता--

फागुकारो ने वैयक्तिक मान्यताओ के आधार पर विभिन्न मोड दिये है। यद्यपि वसन्त वर्णन फागुओ का प्रमुख विवेच्य विषय था, परन्तु शनैः शनः वसन्त वर्णन गौण होता गया। वह केवल रूढि के रूप मे प्रयुक्त किया जाने लगा। जैन फागुकारो ने फागुओ को धार्मिक मोड दिया। जिणस्तवन, प्रकृति श्री और सासारिक विभूति पर सयम श्री की विजय, इन्द्रिय निग्रह, अपरिग्रह, सांसारिक उपादानो से असपृक्त होने की वृत्ति का ही अधिक वर्णन किया। अपने फागुओं को सरस बनाने के लिए स्थूलिभद्र कोशा और नेमिनाथ राजुल की कथा को उपजीव्य बनाया गया। नेमिनाथ और राजीमती की कथा इतनी लोकप्रिय हुई कि लगभग दो दर्जन फागु काव्य इस कथा से सम्बन्धित लिखे गये। इनके अलावा जैन कवियो ने कुछ ऐसे फागु काव्य लिखे, जो आध्यात्मिक विषयो से सम्बन्ध होते थे अथवा किसी तीर्थ की महिमा-स्तवन से सम्बद्ध। विवेच्य विषयो का वैविध्य जैन फागुकारो मे बहुत अधिक पाया जाता है। लेकिन अन्त सभी का सयम श्री मे होता है।

वैष्णव फागुकारो ने कृष्ण-गोपिका और कृष्ण-रुक्मिणी को अपना विवेच्य बनाया। लौकिक फागु अवश्य ही अपनी परम्परा पर स्थिर रहे। ४०० वर्षों के दीर्घ अन्तराल मे फागु काव्यो की रचना होती रही, जिससे आभास होता है कि यह काव्य रूप यथेष्ट लोकप्रिय रहा होगा।। फागुओ का आकार कही लघु है, कही वृहत्। परन्तु यह सुनिश्चित है कि फागु काव्यो मे वह गहनता, व्यापक अनुभूति, भावोर्मियों का उद्वेलन नही आ पाया जो किसी काव्य-रूप मे अपेक्षित है।

आ

हिन्दी की आदिकालीन फागु कृत्तियां

फागु काव्यो की उपजीव्य लोक परम्परा और साहित्यिक परम्परा रही है, लेकिन जिन काव्य प्रक्रियाओ और सवेदनाओ को इस काव्य रूप मे स्थान मिला, वे उन्हे शिष्ट काव्य की कोटि मे वैठा देती हैं। सस्कृत, प्राकृत, और अपभ्र श काव्य मे फागु काव्य-रूप का किसी प्रकार का उल्लेख नही मिलता है। अपभ्र शोत्तर काल मे फागु, रास, चर्च्चरी और धमाल जैसे काव्य-रूपो का प्रचलन हुआ है। लोक परम्परा से अनुस्यूत होने के कारण ये काव्य-रूप अवश्य ही ऋद्ध एव लोक प्रिय रहे होगे।

वसन्तकालीन गेय रूपको मे फागु का स्थान प्रमुख रहा है। वसन्त वर्णन और वसन्त-क्रीडा-वर्णन ही फागु काव्य के प्रमुख कार्य विषय रहे, परन्तु जैन कवियो ने चारित्रिक सयम, इन्द्रिय निग्रह, ब्रह्मचर्य, चारित्रिक उदात्तिकरण, एवं तीर्थङ्करो और धार्मिक पुस्तको की महिमा-गान हेतु फागु काव्य को प्रयुक्त कर वर्ण्य-विषय का धार्मिकीकरण कर दिया, जवकि जैनेतर फागु काव्य जैसे 'वसन्त विलास फागु' मे इस परम्परा को मूल रूप मे अक्षुण्ण वनाये रखने का प्रयास किया गया। सामान्य रूप से फागु काव्य इन लक्षणो से युक्त होते हैं :—

१. इनमे वसन्त-निरूपण किया जाता है।
२. इनमे विप्रलंभ एवं सयोग, दोनो दृष्टियो से श्रृंगार-सयोजना होती है।
३. इनमे शैली-संव्यूहन अलंकृत पद्धति पर होता है।
४. गेय तत्व से युक्त होने के कारण इनमे लयात्मकता और ध्वन्यात्मकता, शब्द एवं नाद सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाता है।
५. वाद्य नृत्य के साथ ही ये गेय भी होते हैं।

हिन्दी का आदिकाल इन फागु काव्यो का उत्प्रेरक एवं उपजीव्य रहा है। इस काल मे चार फागुओ का अस्तित्व मिलता है:

१. वसंत विलास
२. जिनचन्द्र सूरि फागु
३. जिनपदमसूरि कृत सिरी थूलिभद्द फागु
४. राजशेखर सूरि कृत नेमिनाथ फागु

१. वसत विलास :—

१. **कृति परिचय :** अपने समय में, परवर्त्ती युग मे, और आधुनिक काल मे भी 'वसत विलास' बहुत लोकप्रिय रहा है। १६ वी शती के अलावा विभिन्न समयो पर की गयी प्रतिलिपियाँ और १६ वी शती की प्रति के आधार पर बनाये गये चित्र, इसकी उत्तरोतर लोकप्रियता के प्रतीक हैं। इसकी चुम्बकीय शक्ति की नियति से इसे अनेक बार सम्पादित होने के लिए बाध्य होना पडा है।[1] चित्रकला की दृष्टि से भी समय-समय पर इस कृति पर विचार हुआ है।

२. फागुकार :—

अनेक व्यक्तियो द्वारा सम्पादित तथा विचारित होने के कारण कृतिकार सम्वन्धी अटकल-वैविध्य होना स्वाभाविक है। कृतिकार सम्वन्धी अब तक के दिये गये विचार है :—

१. साराभाई नवाव ने अपने एक आलेख मे यह स्थापना की है कि सचित्र वसत विलास का प्रतिलिपिकार आचार्य रत्नागर ही इस कृति का लेखक है।[2]

२. कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी ने स्थापना की है कि वसंत विलास फागु की रचना जैन साधु नतर्षि द्वारा हुई है।[3]

३. कान्तिलाल बलदेवराम व्यास ने सकेत दिवा है कि इस कृति के रचयिता गुणवत है।[4]

४. मुनि जिन विजय साधिकार कहते हैं कि इसके रचयिता मुज हैं।[5]

लेकिन ये सभी मत भ्रामक हैं। नवाव ने सम्वत् १५०८ की प्रतिलिपि को मूल प्रति समझ लिया। अन्य प्रतिलिपियो में इस प्रतिलिपिकार का रचयिता के रूप मे कोई उल्लेख नही हैं। पुनः वसत विलास १३–१४ वी शती की कृति है, न कि १६ वी शती की। श्री मुन्शी ने नतर्षि का अर्थ भी भ्रमपूर्ण लिया है, उसका सन्दर्भित अर्थ है जो ऋषियो द्वारा पूज्य है। दूसरे, सुभाषित मे आया यह छन्द

---

१. केशवलाल हर्षदराय ध्रुव द्वारा तीन बार, व्यास (कान्तिलालबलदेव राम) द्वारा तीन बार, मोदी (मधुसूदन चिमनलाल) ने एक बार, डा० नार्मन ब्राउन ने एक बार, और डा० माताप्रसाद गुप्त ने इसका सम्पादन एक बार किया है।

२. फार्वस गुजराती (त्रैमासिक), जनवरी–मार्च, १९३७।

३. फार्वस गुजराती (त्रैमासिक), जनवरी– मार्च, १९३७।

४. वसंत विलास (त्रिपाठी संस्करण), भूमिका, २९।

५. वसत विलास (व्यास द्वारा सम्पादित), प्राक्कथन।

सस्कृत का एक सुभाषित है, जिसमें नर्तषि, कृष्ण का विशेषण है, वसंत विलास के रचयिता ने सस्कृत सुभाषितो को उद्धृत भर किया है, वनाया नही। फिर नर्तषि नामक किसी कवि का कोई विवरण भी नही मिलता।

श्री व्यास ने 'गुणवत' नाम सुझाया है, वह भी भ्रामक है, क्योकि 'गुणवत' का अर्थ गुणवान व्यक्ति है। इस प्रकार का उल्लेख 'जम्बु स्वामी फाग' मे मिलता है, जिसमे 'विजयवत' शब्द आया है, जिसका अर्थ विजय का वरण करने वालो से है। फिर गुणवत कोई कवि नही हुआ है।

मुनि जिनविजय ने 'मुंज' नाम प्रस्तावित किया है, जो 'मुंजवयण' से गृहीत है। कही-कही सस्कृत के 'मंजु' को 'मुंज' लिख दिया गया है, यदि ऐसा प्रमाद सम्भावित है वो 'मुंजवयण' का आशय होगा, सुन्दर वचन। परन्तु जैसा कि डा० माताप्रसाद गुप्त का मत है 'मुंज', मुंज्ज' या 'मुज्झ' है, जिसका अर्थ है मेरे। अतः यह नाम भी अटकल का परिणाम है। फिर मुनि जिनविजय के पास अपने कथन का अन्तःसाक्ष्य तथा वाह्य साक्ष्य नही है, केवल अर्थ कल्पना का आधार उन्होने लिया है।

निष्कर्ष यह है, फागुकार अज्ञात है।

३. जैन अजैन विवाद :—

उक्त फागु का रचयिता जैन है अथवा अजैन, यह भी काफी विवादग्रस्त विषय रहा है। सर्व प्रथम श्री ध्रुव ने यह उल्लेख किया कि वसत विलास का रचयिता अजैन होना चाहिए, जिसने जीवन के आनन्दो का उपभोग किया हो। इसी तथ्य को तोड मरोड कर और भ्रामक तथ्यो का पुट देकर साराभाई नवाब ने निष्कर्ष निकाले :—

१. वसत विलास का रचयिता जैन था।
२. आचार्य रत्नागर इसके रचयिता हैं।

रचयिता के बारे मे पहले ही विचार किया जा चुका है। दूसरे, साराभाई की आधार भूमि पूर्णतया भ्रान्ति मूलक थी। ध्रुव ने एक सामान्य प्रवृत्ति को निर्दे शित किया था कि काव्य का परिवेश प्रेम परिधि से आवृत है। अतः इसका रचयिता वही हो सकता है जिसने जीवन के समग्र सुखो और केलि विलास की आनन्दानुभूति की हो।

वसन्त विलास इतना प्रसिद्ध हुआ कि वह जैन और अजैन सहृदयों पर छाया रहा। जैन भण्डारों मे वसन्त विलास को स्थान मिला। रत्नमन्दिर गणि ने इसको अपनी कृति मे उद्धृत किया। इसे जैन-कृति वनाने का व्यामोह भी इसकी लोक-प्रियता के कारण रहा है।

कृति जैनेतर ही है, क्योकि मङ्गलाचरण, काव्य के कथानक, यहाँ तक कि पुष्पिका मे किसी प्रकार का जैन प्रभाव नही है। जैन फागुओ की तरह वसत विलास मे किसी जैन तीर्थङ्कर या जैन पुराणों के किसी महापुरुष का वर्णन नही किया गया है, यहा तक कि मङ्गलाचरण मे जैन-सिद्धो या तीर्थङ्करों का वर्णन नही मिलता। इसके विपरीत अजैन-पद्धति के अनुसार सरस्वती एवं गणपति की अर्चना की गयी है।

इसके साथ ही वसन्तविलास मे उद्धृत सस्कृत सुभाषित 'नैषधचरित', 'शिशुपालवध', 'कुमारसम्भव', 'शाकुन्तल', और 'अमरूशतक' से लिये गये हैं, जो अजैन कृतियां हैं, जबकि किसी भी जैन कृति से एक भी उदाहरण नही लिया गया है।

निष्कर्प यह है रचनाकार के धर्म, जाति, निवास स्थान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। रचनाकार अपने बारे मे चुप रहा है। अन्तःसाक्ष्य के आधार पर ये तथ्य सामने आते हैं:—

(१) कृतिकार जैन न होकर, अजैन ही है।
(२) संस्कृत का वह प्रकाण्ड विद्वान और सुभाषितो का प्रेमी रहा है।
(३) वह प्रकृति मे भावप्रवण और जीवन के प्रति उल्लास से परिपूर्ण रहा है। सहृदयता, जीवन मूल्यो के प्रति आस्था, और जागरूकता, उसके चरित्र की विशेषताएं रही हैं।
(४) कवि और कृति पर्याप्त लोकप्रिय रहे हैं। चित्रकला से उसकी सज्जा, तथा अनेक प्रतिलिपियाँ होने से इस तथ्य की पुष्टि हो जाती है।

४. रचनाकाल :—

कुछ मत रचनाकाल सम्बन्धी प्रतिपादित कए गए हैं वे इस प्रकार हैं:—

(१) ध्रुव का मत है कि वसत विलास की रचना १५ वी शती के दूसरे चरण (१४५०) मे हुई, यह प्रमाण रत्नमन्दिर-गणी की उपदेश तरगिणी से प्राप्त होता है।[१]
(२) व्यास का मत है, इस कृति का रचना काल १५ वीं शती का प्रथम चरण है।[२]

---

१. Prachin Gurjar Kavya.

२. 'I, Therefore, assigned, Vasant Vilas to the first quarter of the fifteenth century v s.' (K.B. Vyas, Vasant Vilas Fagu, a further study).

(३) सांडेसरा का मत है— कृति का रचनाकाल सम्वत् १४०० से लेकर १४५० तक ठहरता हैं।

ध्रुव, व्यास, और साडेसरा का मत १५०८ की तिथि और 'उपदेशतरगिणी' के रचनाकाल से अनुप्रेरित है। श्री व्यास का भाषा-वैज्ञानिक विवेचन इस तिथि को १४०० के समीप खीच लाता है। कुछ समकालीन कृतियो की भाषा से तुलनात्मक अध्ययन के उपरान्त व्यास इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि रत्नमन्दिरगणि के समय (स० १५१७) तक कृति ने पर्याप्त लोकप्रियता प्राप्त करली थी। इससे यह परिणाम निकाला जा सकता है कि वसन्त विलास की रचना स० १४०० के आस-पास हुई थी।

ध्रुव का मत भी इसी आधार पर बना था। सांडेसरा के मत मे कोई मौलिकता नही थी। डॉ० माता प्रसाद गुप्त का मत है कि स० १५०८ की प्रति प्राचीनतम होने से रचना तिथि की एक सीमा है। यह पाठ प्रक्षेपपूर्ण हो सकता है, क्योकि यही सबसे बडा है और पाठान्तरो की दृष्टि से अनेक स्थलो पर उससे भिन्न प्रतियो के पाठ अधिक प्राचीन ज्ञात होते हैं, इसलिए रचना का समय सामान्यतः उससे पहले का होना चाहिये, यह स्पष्ट है।

इसी आधार पर डॉ० गुप्त ने कहा है—"पूरी रचना आमोद-प्रमोद और क्रीडापूर्ण नागरिक जीवन का ऐसा चित्र उपस्थित करती है जो मुख्य हिन्दी प्रदेश मे १२५० वि० की जयचन्द पर मुहम्मद गोरी की विजय के अनन्तर और गुजरात मे १३५६ वि० की अलाउद्दीन के सेनापति उलुगखा की विजय के अनन्तर इस्लामी शासन के स्थापित होने पर समाप्त हो गया था। इसलिए रचना अधिक से अधिक विक्रमीय १४ वी शती के मध्य ईसवी १३ वी शती की होनी चाहिए।'[२]............ 'सभव है उसकी भाषा का प्राप्त रूप इस परिणाम को स्वीकार करने मे बाधक हो। किन्तु भाषा प्रतिलिपि परम्परा मे घिसकर धीरे-धीरे अधिकाधिक आधुनिक होती जाती है, इसलिए भाषा का साक्ष्य प्राप्त-परिणाम को स्वीकार करने मे बाधक नही होना चाहिये।[३]

इस प्रकार डॉ गुप्त का विचार वसंत विलास' की रचना-तिथि को और भी पहले निर्धारित करने का है। डॉ० गुप्त की प्रस्तावित धारणा के सूत्र पहले वाले सूत्रो से कही अधिक पुष्ट हैं।

---

१. A review of Vasant Vilas, Budhi Prakash, July-Sept. 1843, P. 168.

२. भारतीय साहित्य, अप्रेल १९६४, वर्ष ९, अंक २, वसंत विलास, पृ० ७०–७१।

३. भारतीय साहित्य, अप्रेल १९६४, वर्ष, अक २, वसंत विलास, पृ० ७४।

५. विषय परिसर :— वसन्त विलास का प्रारम्भ मंगलाचरण के छन्द से किया गया है, जिसमे हसवाहिनी और वीणाधारणी सरस्वती की अर्चना की गयी है। इसके वाद वसन्त के उद्दीपन रूप को परिपार्श्वीय रूप मे प्रस्तुत किया गया है। इसी परिवेश मे वन के अन्दर कदलीगृह और दीर्घ मण्डप निर्मित किया गया है। यह परिवेश अत्यन्त मोहक एव विराट है :—

खेलन वावि सुखालीय जालीअ गुष विश्राम।
मृगमद पूरि कपूरिहि पूरीया जल अभिराम॥
रगभूमी सजकारीअ झारीअ कुंकुम घोल।
सोवन सांकल सांधीय बांधीअ चंपक दोल॥[१]

[उस वन मे भली भांति घुली हुई क्रीड़ा-वापी मे जाल-गवाक्ष तथा विश्राम (मच) है और वह कर्पूर स पूरित मृगमद (कस्तूरी) के अभिराम जल से पूरित की गयी हैं। रगभूमि (क्रीड भूमि) की सज्जा की गई है। कु कुम घोलकर उसमे छिडका गया है। स्वर्ण की श्रृ खला से चपको से सुसज्जित दोला को मजवूती से वाधा गया है]।

ऐसे परिवेश मे जितने कामीजन है, विलसते हैं। काम के समान अल-वेसरो (अल्प-वयसो) ने वेश धारण कर रखा है। इस स्थल पर कवि ने युवक युवतियो के अवाध विलास और आमोद-प्रमोद का विशद वर्णन किया है। इस वर्णन मे कवि का मन वहुत रमा है। उसकी सृजन-प्रक्रिया और सौंदर्य-बोध, विलास के विभिन्न कोणो मे रूपायित हुआ है। शृ गार का कोई भी कोना कवि की दृष्टि से अछूता नही रहा है। उम क्रीडा भूमि में कामदेव (नृप) का शासन है, जिसका कवि ने लम्वा रूपक वाधा है :—

कुसुम तणु करि वणुंहरे गुणह भमरला माल।
लख लाघवि नवि चूकइ मूंकई शर सुकुमाल॥
मयणु जी वयणु निरोपइ लोपइ कोइ न आण।
मानिनी जन मन हाकइ ताकइ किशल कृपाण॥[२]

(कुसुम उसके धनुष हैं, भ्रमरावलि प्रत्यञ्चा है। वह लाघव युक्त कामदेव अपने लक्ष्य मे कभी नही चूकता है। सुकुमारो को वाणो से वीध देता है। कामदेव के निरूपति वचनो को कोई उल्लघित नही करता। अपने किसलय रूपी कृपाण से वह माननियो के मन को परिचालित करता रहता हैं।)

वसत विलास मे पग-पग पर उल्लास, ऐश्वर्य और शृ गारजन्य लास्य है।

---

१. वसंत विलास (डा० गुप्त का सस्करण, ८-९)।
२. वसंत विलास (डा० गुप्त का संस्करण, १९-२०)।

क्रीड़ा विकास की थिरकन है। उसके ये तत्व तथा उसके भाव-बोध का सौंदर्य इस कृति को अनुपम बना देता है।

इसके पश्चात् कवि ने उन उपादानो का वर्णन किया है जो कामदेव के शस्त्र एवं उद्दीपन-विभाव के सहायक हैं। कोकिल, वकुल, चम्पा, पाटल, आम्र-मञ्जरी, किंशुक, और केतकी ऐसे ही शस्त्र हैं।

इसी उद्दीपन-विभागान्तर्गत कवि ने विरहिणियो के उद्गारो की मार्मिक अभिव्यञ्जना की है। ऐसे परिवेश मे प्रिय-वियोग अत्यन्त दु:खदायी प्रतीत होता है। विरहिणियाँ वायस को बुलाकर उससे अनुनय-विनय करती हैं।

देस कपूरची वासिरे वासि वली सर एउ।
सोवन चोच निरुपम रूपम पाखुडी वेउ ।।[1]

[हेवायस, तुझे मैं वायसिका कपूर से वासित कर दूंगी यदि तू यह स्वर (प्रिय आगमन का) सुना देगा। सोने से चोच मढा दूंगी। तेरा दोनो पखुडियो को चाँदी से मढा दूंगी]।

शकुन विचारने के बाद नायिका का पति लौट आता है। उसका मन हर्षित हो जाता है। रग मनाकर वह अपने प्रियतम का मन हर्षित और सरसित कर देती है। जी भर कर वह अपने पति से सुख प्राप्त करती है। प्रिय से नव समागम प्राप्त करके उसके अंग मनोहर हो जाते हैं। इस सयोग शृंगार के परिवेश मे कवि ने नारी सौंदर्य, प्रसाधन, सज्जा का वर्णन बडी तल्लीनता से कया है।

भमुहि कि मनमथ धणुहीअ गुण होयडइ वरहार।
वाण अि नयण कडास रे नाकुरची नली आर ।।[2]

(भ्रू ऐसे हैं, मानो कामदेव का धनुष हो। सुन्दर गात के वक्ष पर स्थित हार मानो उस धन्वा को प्रत्यञ्चा है। उनके नयन कटाक्ष हैं और उसकी नासिका नलिआर है वह नली जिसमे से वाण छोड़ा जाता है।

यह सौंदर्य-निरूपण और सौन्दर्य-बोध सयम की रस्सी को ढीली कर उद्दाम की ओर लरज जाता है। ऐसे स्थलो पर उसके वर्णन सौंदर्य-शाला नारी को भी निर्वसना कर देते है।

नामाग्गिनकरइं पयोधर योधरे सुरत संग्रामि।
कंचुक तोजइं सनाहु रे नाहु महाभडु पामि ।।[3]

---

१. वसत विलास (डॉ० गुप्त का संस्करण, ४७)।
२. वसत विलास (डॉ० गुप्त का संस्करण, ६१)।
३. वसत विलास (डॉ० गुप्त का सस्करण, ६४)।

(सुरत रूपी सग्राम मे उन युवतियो के पयोधर ऐसे योधा के समान हैं, जो पराजित नही हो रहा है। पति रूपी महाभट को देखकर मानो कचुक रूपी (सन्नाह) कवच को परित्यक्त कर रहे हो।

कवि ने ऐसे ही निर्वसन सौन्दर्य के परिवेश मे नायक-नायिकाओ की सयोग-क्रीडओ का चित्रण कर फागु की परिसमाप्ति की है। सौन्दर्य-बोध और प्रकृति-संवेदनाओ की मार्मिक व्यञ्जना मे कवि इतना सिद्धहस्त था कि उस काल मे इस ग्रन्थ को बहुत लोकप्रियता प्राप्त हुई।

२. जिनचन्द्र सूरि फागु—

जिनचन्द्र सूरि फागु की वर्ण्य वस्तु संयम श्री से सम्बन्धित है। कृति मे वसन्त और कामदेव के आक्रमण और शीलनरेन्द्र द्वारा उनके पराभाव का वर्णन किया है। इसी सन्दर्भ मे कवि ने वसन्त सौन्दर्य, नारी सौदर्य, एव नारी के अलकारो का वर्णन किया है।

अन्तःसाक्ष्य के आधार पर ज्ञात होता है कि फागुकार ने अपने गुरु और महागुरु, दोनो का ही आदर के साथ स्मरण किया है। जिणचन्द्र सूरि की गुरु-शिष्य परम्परा इस प्रकार रही थी।

जिण प्रबोध सूरि = जिणचन्द्र सूरि = जिणकुशल सूरि

अत. सम्भव है कि जिणकुशल सूरि ही 'जिणचन्द्र सूरि फागु' के रचयिता रहे हो। जिणकुशल सूरि ने जिणचन्द्र से सम्वन्धित 'जिणचन्द्र सूरि चतुःसप्ततिका' भी लिखी है। ये सभी खरतरगच्छीय आचार्य हुए हैं।

इस फागु की रचना पाटण नगर मे हुई, जबकि पद महोत्सव जावालपुर मे हुआ था। अतः इस फाग की रचना पद महोत्सव के समय नही हुई (डा० सांडेसरा का मत भ्रामक है)। इस फागु मे पाटण नगर की प्रशसा की गयी है।

गुजरात पाटण भल्लउं सयलह नयरह माहि।

परन्तु उक्त आपवान महोत्सव जावालपुर के वीर चैत्य में हुआ था, जबकि स्तवन पाटण के शान्तिनाथ चैत्य का है। अत इससे सिद्ध होता है कि फागु पदोत्सव से बाद मे लिखा गया। कितने समय बाद, यह तो नही कहा जा सकता है, पर इतना निश्चित है कि फागु काव्य की रचना स० १३७७ से पूर्व हो चुकी थी, क्योंकि स० १३७७ के ज्येष्ठ कृष्णा एकादशी को जिनकुशल सूरि (कुशल कीर्ति) का पद महोत्सव हो गया था। सम्भवतया १३५० के लगभग यह फागु लिखा गया। भाषा की दृष्टि से [इस ग्रन्थ की भाषा अपभ्रंश के कहीं अधिक समीप पुरानी हिन्दी है। कही-कही शौरसेनी अपभ्रंश के शब्द 'निसुणेविणु' जैसे प्रयुक्त हुए हैं।

ग्रन्थकार ने सर्वप्रथम संत वंदना, पुनः पार्वती और तत्पश्चात् अहिल्या-बाई पाटण के अलकार रूप तीर्थङ्कर श्री शान्तिनाथ की स्तुति की है।

इसमे कुल २४ छन्द थे। जैसलमेर से जो खडित प्रति मिली है उसमें प्रारम्भ के ५ छन्द और अन्त के ५ छन्द प्राप्त हुए हैं, शेष छन्द नष्ट हो चुके हैं। खण्डित प्रति के आधार पर ग्रन्थ के सम्पूर्ण काव्य-सौंदर्य का आस्वाद नही मिल पाता है। जितने भी छन्द उपलब्ध हैं उनसे ज्ञात होता है कि विवेच्य फागु का वसन्त एव नारी के सौंदर्य का वर्णन परम्परागत और नाम-परिगणनापरक हैं। उसमे किसी मौलिक उद्भावना अथवा नवीन भाव-बोध को कोई स्थान नही मिला है। कृति का महत्व उसके प्राचीन होने मे है, न कि उसके काव्यत्व मे।

३ थूलिभद्द फागु—

जिनपद्मसूरि कृत १७ पद्यो की यह कृति ७ भासो मे निबद्ध है। भास की व्युत्पति भाष्य से हुई है। भाष्य→भास्यउ→भासो→भास। भाष्य का तात्पर्य कथ्य से है। यह भास-निबद्धता केवल स्थूलिभद्र फागु तक ही सीमित रही है। परवर्ती फागु 'नेमिनाथ फागु' मे यह परम्परा नही मिलती। स्थूलिभद्र फागु की कथा सुप्रसिद्ध जैन कथा है। सोमप्रभाचार्य कृत 'कुमारपाल प्रतिबोध' की कथा के उत्तरार्द्ध को कवि ने वर्ण्य विषय के रूप मे चुना है। पूर्वार्द्ध की कथा अनुसार स्थूलिभद्र अत्यन्त स्वरूपवान, कामुक एव विलासी थे। एक बार वसन्त काल मे कोशा नामक वार-वनिता पर वे मुग्ध हो गये। बारह वर्षों तक उस वार-वनिता के साथ भोग विलास मे लिप्त रहे। बाद मे सचेत होने पर प्रबुद्ध हुए। सांसारिक भोग विलास से विरक्त होकर सन्यासी हो गये। उत्तरार्द्ध के अनुसार, एक बार कालान्तर मे वे चातुर्मास्य में कोशा के गृह पर आये। कोशा का अपरिमित सौंदर्य अपार सम्पत्ति, और गदराया यौवन भी स्थूलिभद्र को अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सका इस बहाने कवि ने कोशा के शृंगार, नख-शिख वर्णन, प्रकृति-उद्दीपन के परिप्रेक्ष्य का वर्णन करने के लिए अवसर निकाल लिया है।

अनुपम सज्जा एवं अतीव रूपराशि के साथ कोशा स्थूलिभद्र के पास पहुचती है, उसे अभिभूत करने। पर स्थूलिभद्र प्रभावहीन और शान्त रहते हैं। कोशा खीजती है, उदासी व्याप जाती है। तब वह उपालम्भ का तीर छोडती है—

> बारह वरिसइ तणउ नेह किहि कारणि छडिउ।
> एवडु निठुरपणउ कांइ मूसिउ तुम्हि मडिउ ॥[1]

वह बारह वर्ष का नेह, रस-विभोर, मादक स्मृतियाँ, कैसे निष्ठुर बन कर

---

1. स्थूलिभद्र फागु, १९।

छोड़ दिया, यही व्यथा कोशा को सालती रहती है। लेकिन यह तीर भी इन्द्रियजयी की चारित्रिक दृढता के लोह-कवच से टकरा कर लौट आता है। उद्विग्न, उद्वेलित, एवं कामोन्मत्त कोशा को तब स्थूलिभद्र सीख देता है :—

चिंतामणि परिहरवि कवणु पत्थइ गिणहेइ ?
तिम संजमसिरि परिवएवि बहुधम्मसमुज्जल,
आलिंगइ तुह कोस कवणु पसरत महाबल ?[1]

चिंतामणि को परित्यक्त कर पत्थर ग्रहण करना जैसे मूढता है, वैसे ही संयम श्री का वरण कर के कोशा का आलिंगन करना भी मूढता का कार्य होगा। कवि का अभीष्ट इस संयम और चारित्रिक दृढ़ता का दिग्दर्शन कराना ही रहा है, जिसमे उसका ध्येय सफल होता है। कोशाजन्य शृंगार का उद्दाम वेग शनैः-शनैः स्थूलिभद्र के संयम और अपरिग्रह के शान्तरस मे पर्यवसित हो जाता है।

कृति काव्यात्मक कसौटी पर खरी उतरती है। उसका काव्यपक्ष सबल है।

१. प्रकृति परिवेशः—यद्यपि 'कुमारपाल प्रतिबोध' मे स्थूलिभद्र की पूर्वार्द्ध कथा मे परिपार्श्व के रूप मे वसन्त वर्णन हुआ है, जो उद्दीपन विभाव एवं व्यापक प्रसार की दृष्टि से उत्कृष्ट कोटि का है। स्थूलिभद्र फागु मे वासना के साथ वसन्त का परिहार है और संयम के साथ वर्षा ग्राह्य है। वर्षा वर्णन, उद्दीपन विभाव का परिप्रेक्ष्य तो प्रस्तुत करता ही है, साथ ही नाद व्यञ्जना की दृष्टि से भी सुन्दर प्रकृति चित्रण है।

निःसन्देह जिनपद्मसूरि का वर्षा वर्णन प्रकृति, मानवीय भाव एवं मानवीय क्रिया-व्यापारो के सूक्ष्म पर्यवेक्षण का द्योतक है:—

सीयल कोमल सुरहि वाय जिम जिम वायते,
माण मडफ्फर माणणिय तिम तिम नाचते,

जिम जिम जलभरिय मेह गयणंगणि मिलिया,
तिम तिम कामीतणा नयण नीरिहि झलहलिया।

मेहारव भर उलटि य जिम जिम नाचइ मोर,
तिम तिम माणिणि खलभलइ साहीता जिम चोर ॥[2]

शीतल, कोमल, सुरभित वायु जैसे-जैसे प्रवाहित हो रही है, जैसे-वैसे मान और गर्व माननियो को नचा रहा है। जिस प्रकार गगनांगण मे जलपूर्ण मेघ आकर घिर जाते हैं, वैसे ही विषयी के नेत्र अश्रु पूरित हो जाते हैं। मेघ गर्जना

१. स्थूलिभद्र फागु, २२।
२. स्थूलिभद्र फागु, ८-९।

सुनकर उल्लसित हुए मोर जिस प्रकार का नृत्य करते हैं और उस गर्जना के साथ-साथ माननियो की जैसी व्याकुलता बढ़ जाती है, वैसी ही व्याकुलता और उद्विग्नता पकड़े हुए चोर की होती है।

२. ध्वन्यात्मक एव नाद सौंदर्य—प्रकृति के परिवेश मे ध्वन्यात्मकता की भी चर्चा हो चुकी है। यह ध्वन्यात्मकता फागुओ की प्रमुख विशेषता है, क्योकि गेय तत्व फागुओ की एक प्रवृत्ति है। वर्षा वर्णन की ध्वन्यात्मकता देख ही चुके हैं, इसके अतिरिक्त कवि ने वार वनिता कोशा के शृ गारानुकूल आभरण धारण करने मे भी ध्वन्यात्मकता एव नाद-सौंदर्य का समावेश किया है।

३ सौंदर्य बोध:—कवि का सौदर्य वोध सचेत एवं प्रवुद्ध था। कोशा के नख-शिख का वर्णन कवि ने अलकृत शैली मे किया हैं। उसके उपमान, विम्व, एव प्रतीक अभिनव एव प्रयोग साध्य हैं। कामदेव के समान वेणी को उत्तुङ्ग पयोधरो को शृ गार रूपी पुष्प के स्तवक वताने मे नया ही सौदर्य है। इसमे कोई सन्देह नही कि कवि ने नारी सौदर्य का सूक्ष्म पर्यवेक्षण किया था, तभी उसका वर्णन मार्मिक है:—

कन्नजुयल जसु लहलहत किरमयण हिंडोला,
चचल चपल तरग चग जसु नयण कचोला,
सोहइ जासु कपोल पालि जणु गालिमसूरा,
कोमल विमलु सुकठु जासु वाजइ सँख तूरा,
लवणिभरसभर कूवडिय जसु नाहिय रेहइ,
मयणराय किर विजयखभजसु ऊरू सोहइ,
जसु नह पल्लव कामदेव अंकुस जिम राजइ,
रिमझिमि रिमझिमि ए पाय कमलि घाघरिय सुवाजइ।[1]

कवि ने दोनो कानो को दोलायमान मदन-हिडोले के समान वताया है। नयन कटोरे ऐसे है, मानो चंचल तरगें विलास कर रही हो। उसकी कपोल-पालि फूली हुई रूई के समान थी। कोमल, निर्मल और सुन्दर कण्ठ से नि सृत स्वर इस प्रकार प्रतीत होते थे जैसे शखनाद और तूर्यनाद हो रहा हो।

४. भाव-वोध—कोशा नयन कटाक्ष करती है। अभिनव शृंगार से युक्त भाव-भगिमाओ से भी मुनि-प्रवर का मन विंधता नहीं है। तव वेश्या कहती है—हे नाथ, आपका तपस्वी वेश देखकर मेरा हृदय दुखी हो रहा है। स्थूलिभद्र कहता है 'वेश्या, तुम खेद न करो, मेरा हृदय लोहगढ के समान हैं, जो तुम्हारे वचनो से विंध नहीं सकता। मैंने तो सिद्ध रूपी रमणी से परिणय किया है, हृदय

---

१. स्थूलिभद्र फागु, १४–१५ ।

संयम-श्री के साथ भोगायित हो रहा है। अतः मैं तुम्हारे अप्रतिम सौंदर्य से प्रभावित होने का नही।

इस हावभाव के दिग्दर्शित करने मे कवि ने अपने भाव-बोध का सुन्दर परिचय दिया है। कथोपकथनात्मक शैली मे यह बहुत ही मार्मिक बन पाया है।

५. रचनाकाल :—थूलिभद्र फागु का रचना काल राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार १२०० ई० (१२५७ वि० स०) के लगभग है[1] जबकि श्री अक्षयचन्द्र शर्मा के अनुसार इसका रचनाकाल १४ वी शताब्दी का उत्तरार्द्ध है।[2] फागुकर्त्ता जिनचन्द्र सूरि को आचार्य पद सम्वत् १३८९ मे प्राप्त हुआ और सम्वत् १४०० मे उनकी मृत्यु हो गयी, अत: यह सहज रूप से कल्पना की जा सकती है कि विवच्य कृति का रचनाकाल सम्वत् १३८९ से १४०० के बीच मे रहा होगा। अतः मध्य मे रचनाकाल मानने पर, कहा जा सकता है कि उक्त फागु की रचना १३९५ के लगभग हुई होगी।

४ राजशेखर सूरि कृत नेमिनाथ फागु—

जैन मतावलम्बी राजशेखसूरि ने नेमिनाथ फागु मे अपने उपास्य नेमिनाथ का चरित्र २७ पद्यो मे निबद्ध किया है। इस कृति मे धर्म निरूपण मात्र नही है, अपितु काव्य सौंदर्य की दृष्टि से भी यह उत्कृष्ट काव्य है। काव्य-शैली वर्णनानुकूल और लालित्यपूर्ण है। कृति का पूर्वार्द्ध राजमती के सौन्दर्य निरूपण और नख-शिख वर्णन से परिपूर्ण है। शृङ्गारिक वर्णन मे कवि विशेष दक्ष है। उसका शृङ्गार वर्णन उद्दाम न होकर मर्यादित हैं। यह शृङ्गार-निरूपण शात रस में पर्यवसित होकर धर्म-निरूपण मे सहयोग प्रदान करता है। चरित्रिक निष्ठा और इन्द्रिय दमन ही इस कृति मे काव्य के लक्ष्य हैं, और विवेच्च विन्दु हैं।

१ वर्ण्य वस्तु :— नेमीनाथ फागु की वर्ण्य वस्तु जैन तीर्थङ्कर नेमिनाथ और राजीमति अथवा राजुल से सम्बन्धित है। विवेच्य कृति के अनुसार नेमिनाथ यादव कुल उत्पन्न राजकुमार और समुद्रविजय तथा शिवादेवी के पुत्र थे। उनका सुललित मुख कागज के समान श्यामल, लावण्ययुक्त तथा कमल के समान सुन्दर था। वे शक्ति मे भीम के समान और रूप मे अपार थे। वे विवाह नही करना चाहते थे, परन्तु एक बार जब कृष्ण-बलराम के साथ वसत-क्रीडा मे रत थे, तो लग्न का आयोजन राजुलदेवी के साथ हो गया। माता-पिता और भाई-बन्धवो की प्रेरणा से किसी तरह विवाह के लिए प्रस्तुत हुए। इस स्थल पर कवि को श्रेष्ठ घोडे पर सवार नेमिनाथ के सौन्दर्य-वर्णन का अवसर मिल गया है।

---

१. राहुल सांकृत्यायन, काव्य धारा (हिन्दी), थूलिभद्द फागु।

२. अक्षयचन्द्र शर्मा, ना० प्र० पत्रिका, वर्ष ५९, अंक, १, स्थूलिभद्र फागु। डॉ० साडेसरा का भी यही मत है, देखिए कृति परिचय अने प्रति परिचय, पृ० २।

जैसे ही बारात उग्रसेन के घर (द्वारिका) पहुँचती है, वैसे ही वध्य पशुओं के समूह को देखकर नेमिनाथ का हृदय विरक्त हो जाता है। इसी स्थल पर कवि ने राजुल का विरह-वर्णन किया है। सांवत्सरि दान कर के और ससार त्याग कर नेमिनाथ उज्जवगिरि (धवलगिरि, गिरनार) पर्वत पर सयम की दीक्षा ग्रहण करके केवल ज्ञान को प्राप्ति करते हैं। राजुल भी पति का अनुसरण करके सिद्धि प्राप्त करती है।

२. सौंदर्य बोध :— राजशेखर सूरि का सौन्दर्य-बोध जागरूक था। राजुल का सौंदर्य-निरूपण इन शब्दो मे किया है।

किम किम राजलिदेवी तणउ सिणगरू भणेवउ,
चंपइ गोरी अधधोइ अङ्गि चदनुलेवउ,
खुपु भराविउ जाइकुसम कस्तूरी सारी,
सीमतइ, सिंदूर रेह मोतीसरि सारि।
नवरंगी कुकुमि तिलय किय रयण तिलउ तमु भाले,
मोती कुडल कन्निथिय बिंबोलिय करजाले ॥[1]

कवि कहता है राजुल के श्रृङ्गार का कैसे वर्णन करू, वह चम्पक-वर्णी अति उज्ज्वल और चदनलेपित अङ्गो वाली है। सीमन्त प्रदेश मे सिन्दूर रेखा शोभायमान है। कानो मे मोतियो के कुण्डल हैं। इस वर्णन मे मौलिकता का अभाव है। आगे कवि ने सौन्दर्य-निरूपण करते हुए कहा है।

अह निरतिय कज्जल रेह नयणि मुहकमलि तबोलो,
नागोदर कठलउ कंठि अनुहार विरोलो,
मरगद जादर कचुयउ फुड फुल्लइ माला;
करि ककण मणि-वलय-चूड खलकावइ बाला।
रुणुझणु ए रणुझणु ए रुणुझणु ए कडि घघरियालि,
रिमझिमि रिमझिमि रिमिझिमि ए पय नेउर जुयाली,
नहि आलत्तउ वलवलउ सेअंसुयकिमिसि,
अखडियाली राममए प्रिय जोअइ मनरसि ॥[2]

(उसने नेत्रो मे अञ्जन रेखा और मुख कमल मे तांबूल दे रखा है। उसके कण्ठ मे नागोदर हार सुशोभित हो रहा है। मरकती, जरीदार कंचुक तथा पुष्पमाल धारण किये हुए वह वाला, हाथ मे धारण किये हुए कंकण एवं मणियो से बलयित चूडियां खनखना रही है। उसकी कटि मे मेखला रुनझुन-रुनझुन की ध्वनि कर रही

१. नेमिनाथ फागु, १८–१९।
२. वही, २०–२१।

है तथा दोनो पैरों मे नुपुर झकृत हो रहे है। उसके नखो की श्वेत काति से युक्त लक्तक उद्‌भाषित हो रहा है। इस प्रकार साज-सज्जावेष्टित होकर राजीमती अनुरागपूर्वक अपने प्रियतम की प्रतीक्षा कर रही थी। उपास्य बुद्धि से सम्पृक्त होने के कारण कवि का सौंदर्य-बोध मर्यादा के परिवेश मे चक्कर काटता रहा है।

३. कृति का रचना काल — राजशेखर सूरि ने सम्वत् १४०५ मे 'प्रबन्ध-कोष' की रचना की है। अत. विवेच्य कृति का रचना काल सम्वत् १४०० के लगभग ठहरता है, इसकी पुष्टि 'स्थूलिभद्र फागु' और 'नेमिनाथ फागु' की सानुरूप वर्णन शैली से होती है। दोनो फागुओ मे अद्‌भुत साम्य है:—

(१) दोनो काव्यो मे छन्द विधान एक सा है। 'स्थूलिभद्र' फागु के समान 'नेमिनाथ फागु' भी २७ कडी और ७ भासो मे निबद्ध है। प्रत्येक भास मे एक और तत्पश्चात् एक रोला का सयोजन किया गया है।

(२) दोनो काव्य, नारी सौंदर्य और नख-शिख वर्णन से परिपूर्ण हैं। उनका शृङ्गार जैन कवियो के भावानुकूल है। यह शृङ्गार-निरूपण दोनो ही कृतियो मे, शान्त रस मे पर्यवसित होकर धर्म निरूपण से सहायक सिद्ध होता है। चारित्रिक निष्ठा, सयम-श्री का महत्व, इन्द्रि -दमन ही इन कवियो के विवेच्य-विन्दु है।

(३) दोनो ही कृतियो मे भाषा-साम्य है तथा शब्द-विन्यास और व्यन्यात्मकता मे सानुरूपता है। इससे ज्ञात होता है कि उक्त दोनो के रचनाकाल मे विशेष अन्तर नही रहा है। यदि 'स्थूलिभद्र फागु' की रचना सम्वत् १३९५ मे हुई तो नेमिनाथ फागु की रचना सम्वत् १४०० के लगभग हुई।

इन फागु काव्यो की एक विशेषता यह भी है कि इनमे व्यापक कथावस्तु को सक्षेप मे इस प्रकार सयोजित करके प्रस्तुत किया जाता है कि कथा-प्रवाह कहीं भी विशृङ्खलित नही हो पाता है। प्रबन्धात्मकता के साथ धार्मिक लक्ष्य, प्रकृति-परिवेश, और नख-शिख वर्णन का भी समायोजन हो जाता है। इस दृष्टि से फागु काव्य गेय, इति वृतात्मक-लघु खण्ड काव्य कहे जा सकते हैं।

वसन्त निरूपण और वसन्त-क्रीडा के भव्य परिवेश निर्माण की दृष्टि से 'वसत-विलास' इस युग का सर्वश्रेष्ठ फागु है। वसन्त विलास मे शृङ्गार रस के दोनों पक्षो, विशिष्टतया सयोगपक्षीय केलि-विलास, नायका के सौंदर्य-बोध, वासन्तिक उपादानों तथा विप्रलम्भ की दृष्टि से विरहिणी के मार्मिक भावों की सुन्दर व्यञ्जना हुई है।

स्थूलिभद्र फागु मे वसन्त की अपेक्षा वर्षा को महत्व मिला है, सम्भवतया चातुर्मास्य के कारण। कवि का वर्षा वर्णन, उसमे निहित ध्वन्यात्मकता, कोशा का सौंदर्य-वोध, उसका नख-शिख निरूपण अवश्य महत्वपूर्ण हैं। यही वर्णन-शैली और सौंदर्य वोध की परिपाटी राजशेखर कृत 'नेमिनाथ फागु' मे दिखलाई पडती है। राजुल का सौंदर्य-निरूपण इस काव्य का प्राण है, जो स्पन्दनशील और सवेदनात्मक है। वसत-निरूपण की दृष्टि से यह कृति अत्यन्त शिथिल है।

हिन्दी की फागु-कृतियों का काव्य-पक्ष

काव्य-पक्ष की दृष्टि से फागु-कृतियों के काव्यरूप की कुछ ही कृतियाँ विचारणीय हैं। यदि प्रकृत्यात्मक वर्गीकरण के आधार पर देखा जाय तो वैष्णव फागुओ मे 'हरिविलास फागु' लौकिक फागुओ मे 'वसत विलास', 'विरह देसाउरी फागु' और सोनीराम कृत 'वसत विलास' तथा आख्यानात्मक फागुओ मे जिन पद्मसूरि कृत प्रथम 'स्थूलिभद्र फागु', राजशेखर सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु', जयशेखर सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु', 'वसत शृङ्गार फागु', 'स्थूलिभद्र-कोशा प्रेम विलास फागु', 'नेमिनाथ नव रस फागु', और 'नेमिश्वर बाल लीला फागु', कुछ ऐसी कृतियाँ हैं, जिनको काव्यत्व की तुला पर आँका जा सकता है, अन्यथा शेष फागु-कृतियाँ, जिनकी सख्या ९० के आसपास है, फागुकारो द्वारा उपदेश, स्तुति, गुणगान, कीर्त्तन और भजन के रूप मे गाने के लिए श्रावको के लिए लिखी गई हैं।

व्यक्तिनिष्ठ फागुओ मे एक भी फागु ऐसा नहीं लिखा गया है जो काव्यत्व से परिपूर्ण हो। इसी प्रकार उपदेशात्मक फागु तथा तीर्थ महिमा-सम्बन्धी फागुओ की स्थिति है। इनमे या तो किसी तीर्थङ्कर, अथवा किसी धार्मिक पुरुष की अभ्यर्थना की गई है, अथवा नीरस उपदेशो की झडी लगा दी गई है, अथवा किसी तीर्थ का महिमा-गान किया गया है। इन अभिष्टो की पूर्ति मे फागुकार इतने तल्लीन हो गये हैं कि काव्य-पक्ष की अवहेलना की गई है। एक-सी शैली, एक-सी भाषा और एक-से वर्ण्य विषयो से समन्वित होने के कारण इन फागुओ से विरक्ति होने लगती है। एक रसात्मकता ने समूचे काव्य को आच्छादित कर रखा है। अतः ये समस्त फागु, फागुरूप मे निबद्ध अवश्य हैं, पर काव्य न होकर, पद्यबद्ध स्तुति-परक रचनाए मात्र हैं।

आख्यानात्मक फागुओ मे भी अभिव्यजना तथा रूढ़ि का चरम विकास दिखलाई पडता है। नेमिनाथ-राजुल और स्थूलिभद्र-कोशा की कथाओं पर आधारित फागुओ मे एक-से वर्ण्य विषय एक ही कथा, एक-सा प्रकृति-परिवेश, एक-सा नारी-सौन्दर्य-बोध और एक-सी ही चरम परिणिति एव पर्यवसान है। इन फागुओं मे

एक-दो स्थल ऐसे अवश्य आये हैं, जो काव्यत्व की दृष्टि से विचारणीय हैं, पर उनमें मौलिकता का पूर्णतया अभाव है।

वैष्णव फागुओ की स्थिति भी जैन फागुओ के समान दैन्यपूर्ण है। 'हरि विलास फागु' अवश्य सुन्दर कृति कही जा सकती है, परन्तु वह भी 'वसत विलास' के प्रभाव से अछूती नही है। शेष कृतियां काव्य दृष्टि से हेय हैं।

लौकिक फागुओ मे 'वसत-विलास' अवश्य ऐसी रचना है, जिसमे काव्यत्व अपने सम्पूर्ण सौन्दर्य के साथ प्रस्फुटित हुआ। विरह व्यञ्जना की दृष्टि से 'विरह देसाउरी फागु' तथा सनेनीराम कृत 'वसत-विलास' भी सुन्दर कृतियां हैं।

फागु काव्य का मूलतत्व वसन्त-वर्णन है। लगभग सभी कृतियो (स्थूलभद्र फागु को छोडकर) मे वसन्त वर्णन किया गया है, परन्तु वसन्त निरूपण निष्प्रभ अप्रतिम और विकर्षणशील है। नाम परिगणना पद्धति के आधार पर कतिपय उपादानो का उल्लेख करके इन कवियो ने अपनी इतिश्री समझ ली हैं। सस्कृत-प्राकृत के वसन्त-वर्णन से फागुओ के वसन्त-वर्णन की कोई समता नही की जा सकती है। अपभ्रंश काव्य मे जो नीरस, और स्थूलतापरक वर्णन-प्रणाली का प्रसार हुआ, उसी को फागु कृतियो मे अपना लिया गया। परिप्रेक्ष्य की समता मे फागु-कृतियो की वसन्त-निरूपण सम्बन्धी उक्तियां फीकी और आकर्षणहीन प्रतीत होती है। 'वसन्त-विलास' की एक दो उक्तियाँ अवश्य मार्मिक हैं। विरहणियो के समूह को अशोक वृक्ष काम पीडित कर रहा है, वह अशोक, विरहणियो को कामदेव रूपी योद्धा के आयुध के समान है। उसके किसलय खड्ग के समान दीप्तिवान प्रतीत हो रहे हैं :—

> वीर मुभट कुसुमायुध शाल अशोक
> किशल जिस्यां असि अवकइं झवकइं विरिहणी लोक[1]

आम्रवृक्ष मे मञ्जरी लग गई है। उसे देखकर भौंरो की पंक्ति सचेष्ट होकर घिर गई हैं। इस दृश्य को देख कर (कवि कहता है) ऐसा प्रतीत होता है मानो कामदेव ने विरहणियों के हृदय में धुआँ और कुहरा भर दिया हो :—

> आंवुलइ माजर लागीय जगीय मधुकर माल।
> मूकइ मारू कि विरहीय हिअइ सधूमविराल ॥[2]

एक-दो स्थलो पर कवि ने भौंरो को कामदेव का योद्धा बताया है और इनके गुञ्जार की तुलना शख फूंकने से की है।[3] दूसरे स्थल पर कवि ने वकुल पर लुब्ध

१. वसन्त विलास, ३५।
२. वसन्त विलास, ३३।
३. वसन्त विलास २९।

हुए भौंरो को कामदेव नृप का वन्दीजन वताया है ।[1] एक अन्य स्थल पर चम्पा की कली की उपमा दीपक से दी है,[2] परन्तु ये उपमाएं प्रायः परम्परागत हैं ।

'हरिविलास फागु' मे कवि ने पाटल पुष्प के मुख को पीडा देने वाले वस्त्र के समान माना है और ऐसा शर माना है, जिसके साधने से ही कलक लगने का आशका-बोध होने लगता है :—

मनमथ पीडि म पिडि म पाडल-तुण ।
नारि म तूं शर सोधीय आधीय लागसि खूण ॥[3]

फागु-कृतियो का वसन्त-वर्णन किसी भी दृष्टि से मार्मिक तथा प्रभावोत्पादक नही कहा जा सकता । 'स्थूलिभद्र फागु' मे वसन्त के स्थान पर जो वर्षा-वर्णन हुआ है, उसमे अनुसरण पर कवि ने अधिक बल दिया है :—

झिरिमिरि झिरिमिरि झिरिमिरि ए मेहा वरसति ।
खलहल खलहल ए बाहला वहति ॥[4]

यहाँ भी वर्षा वर्णन उद्दीपन-विभाव के अन्तर्गत हुआ है ।

फागुकारो ने नाद व्यञ्जना एवं सानुरूप ध्वनि-सयोजन मे बहुत कुशलता दिखलाई हैं । ऊपर के उद्धहरण मे ही मेह बरसने की झिरिमिरि ध्वनि, नाले की खलखल ध्वनि, झत्रझत्र करके विद्युत कौंधने की ध्वनि तथा थरहर-थरहर कांपने की ध्वनि से चित्र-योजना सजीव हो उठी है । विम्ब प्रस्तुत करने के लिए ध्वनि-संयोजन पर इन कवियो ने बहुत अधिक ध्यान दिया हैं ।

रस–व्यजना की दृष्टि से फागुकारो ने दो ही रसो– शृङ्गार और शाति– को प्रमुखता दी है । प्रत्येक फागु शृङ्गार से प्रारम्भ होकर अन्त मे सयम श्री, इन्द्रिय निग्रह के शान्त रस मे पर्यवसित होता है । जैन फागुकारो का अभीष्ट शांत रस रहा है, शृङ्गार उनके लिए माध्यम वन कर आया है । लौकिक फागुकारो ने शृङ्गार को प्रमुखता दी है । वैष्णव फागुकारो ने भी शृङ्गार रस को प्रधानता दी है । शृङ्गार रस की व्यञ्जना सयोग और वियोग दोनो पक्षो मे हुई है ।

संयोग पक्ष के अन्तर्गत कवियो ने नारी सौंदर्य निरूपण किया है । 'वसन्त-विलास' मे नारी सौन्दर्य-बोध अत्यन्त कुशलता से निरूपित हुआ है । यद्यपि कवि के उपमान परम्परागत हैं, परन्तु उसकी प्रस्तुति अलकृत आकर्षक एवं प्रभावोत्पादक

१. वसन्त विलास, ३० ।
२. वसन्त विलास, ३१ ।
३. हरिविलास फागु, ९० ।
४ स्थूलिभद्र फागु, ६–७ ।

है—रमणी की नासिका तिल के पुष्प के समान है। कटि इतनी पतली है कि उसे मुट्ठी मे लिया जा सकता है। हाथ, कोमल किसलय के समान हैं जो चोल के मंजीठ रंग के समान प्रतीत होते हैं :—

तिल कुसुमोपम नाकुरे लांकुरे लीजए मूठि।
किशलय कोमल पाणिरे जाणिरे चोल मजीठ ॥[1]

कवि ने उपमानो की लडी लगा दी है। जहां उसका अवयव सौन्दर्य-बोध प्रखर था, वहां उसने प्रसाधन सज्जा पर भी उतना ही ध्यान दिया है :—

सीइ यु सोदूर्गिहि पूरीउ पीरीउ मोत्तीन चग।
राखडी जडीय कि माणिक जाणि कि फणिमणि चग ॥[2]

उस युवती ने सीमात प्रदेश मे सिंदूर आपूरित किया है। उसमे सुन्दर मोती भरे हैं। सीमात प्रदेश मे राखडी धारण की है, जो कि माणिक्य से जुड़ी हुई है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे सुन्दर फणि मणि हो।

अन्य फागुकार ने इन्ही उपमानो, और प्रतीको को अपनी कृतियो मे व्यवहृत किया है। केवल शब्दो को कुछ हेर-फेर उनके काव्य मे मिलता है। यह सौन्दर्य-बोध अभिव्यजना रुढि से इतना ग्रस्त हो चुका था कि इसमे किसी प्रकार की मौलिकता शेप नही रही थी। जैसे नागोदर हार धारण करने का उल्लेख प्राय. सभी कवियो ने किया है। 'वसन्त विलास' के उपर्युक्त छन्द से साम्य रखता हुआ पद्म कृत 'नेमिनाथ फागु' का एक छन्द है :—

गोरी कठि नगोदर, वीजल जिम झबकंति,
पति पकति हीराउली दीपति सहण न जाइ।
सिर सीदूरीय समथलउ, भमरमाला जिमि वीणि
फागु खेलउ मनरंगिहि हसगमणि मृग नयणि ॥[3]

'वसंत श्रृङ्गार फागु' की एक पक्ति है :—

कठि नगोदर दीपइ, ए जीपइ ए मृग पतिलंक ॥[4]

नारी सौन्दर्य-निरूपण ज्नि पद्मसूरि के 'स्थूलिभद्र फागु' और राजशेखर सूरि के 'नेमिनाथ फागु' मे भी विशद एव प्रभावोत्पादक ढंग से किया गया है।

---

१. वसत विलास, ६३।
२. वसत विलास, ५९।
३. वसत विलास, ६२।
४. वसत विलास, ५९।

जिन पद्मसूरि ने कोशा के नख-शिख का वर्णन अलकृत शैली मे किया है। यह शृङ्गार आलंबन विभागान्तर्गत आता है—

मयणखग्ग जिमलहलहत जसु वेणी देडो।
सरलउ तरलउ सामलउ रोमावलि दडो॥

तुग पयोहर उल्लसइ सिंगार थवक्का।
कुसुमबाणि निय अभिय कुभ किरथापणि मुक्का॥
कालज अंजिवि नयणजुय, सिर सथउ फाडेई।
वोरीयडि काचुलीय पुण ऊरमडलि ताडेई॥[1]

(कोशा की श्यामल वेणी, मदन के श्याम खड्ग सदृश लहलहा रही है। उसकी सरल तरल, श्यामल रोमावलि सुशोभित हो रही है। उसके उत्तुङ्ग पयोधर (उल्लासित होकर) ऐसे प्रतीत हो रहे हैं जैसे शृङ्गार रूपी पुष्प के स्तबक हो अथवा कामदेव ने दो अमृत कलशो को लाकर रख दिया हो। कोशा ने दोनो नेत्र कोरको मे आजन आज रखा है, सिर मे माग निकाल कर लिलार पर वोरिया (राखडी या वोगला) एव पट्टी देकर वक्षस्थल पर कचुकी धारण कर रखी है।)

इसी प्रकार का वर्णन राजशेखर सूरि ने नेमिनाथ फागु' मे राजुल या राजीमति का किया है। राजशेखर सूरि की रचनाओ मे उपमान कही परम्परागमुक्त हैं, तो कही-कही नूतन उद्भावनाएं भी हैं:—

अह सामल कोमल केशपास किरि मोर कलाउ,
अद्धचद सम भालु मयणु पोसइ भडवाउ,

वकुडियालीय मुहडियह भरि सुवणु भमाडइ,
लाडी लोयण लह कुडलइ सुर सग्गह पाडइ,

किरि ससिबिंब कपाल कन्त हिडोल फुरता
नासा वसा गरुड चचु दाडिम फल दता।

अहर पवाल तिरेह कठु राजलसर रुडउ,
जाणु वीणु रणरणइ जाणु कोइल टह कडलउ॥[2]

राजुल का श्यामल कोमल केश-पाश मोर-कलाप के समान है। भाल-अर्द्ध चन्द्र सम है। उसकी भौंह वकिम हैं। नेत्र-कटाक्ष स्वर्गोपम सुख-प्राप्ति के समान हैं। दोलयमान कर्ण कुण्डलो का कपोलो पर पड़ता हुआ बिम्ब, चन्द्र बिम्ब सदृश है।

---

१. स्थूलिभद्र फागु, १२–१३।
२. नेमिनाथ फागु, ८–९।

नारी निराश फागु मे सांगरूपक सहित कवि की परिकल्पना, काव्य-सौंदर्य परिचायक हैं :—

नरग नगरि मुख पोलि, कपोलि कपाट विचार,
ज्योति जलणमय कुंडल, कुंडलगार न सार ॥[1]

यहाँ कवि की कल्पना उर्वर है। कवि का भाव है— उस नारी का मुख नरकपुर के गोपुर के समान है। कलित कपोल कपाट के समान और कुण्डल वहिन् कुण्ड के समान हैं. फिर भला कामीजन कुण्डलो से क्यो न दग्ध हो ?

वियोग पक्ष के अन्तर्गत कही फागुकारो ने अभिलापहेतुक विप्रयोग उत्पीड़ित विप्रलब्धाओं की मार्मिक वेदना को व्यजित किया है तो कही प्रोषित पतिकाओ की वेदना को, तो कही कलहतारिताओ के करुण-क्रन्दन को। नायकाओं की उक्तियां बहुत ही मार्मिक; सवेदनशील और करुण है। कहीं चन्द्रमा और चन्दन इत्यादि के प्रति कही गई उक्तियो मे हृदय की मूर्च्छनाओ की आवाज है। तो कहीं वे उक्तियाँ अकाट्य एव अनुभूतिपरक हैं.—

चदला विण किसो चद्रणो मोती किसु ज हार
नगर किसो विण नाइका प्रीउ विण सेज शृंगार
हसखड़ा विण सर किसो कोइल विण किसु ज वन
वालभ विण किसी गोठणी जाणज्यो जगत्र जीवन[2]

सच ही है नायिका विना जिस प्रकार नगर सूना है, वैसे ही प्रियतम विना सेज का श‍ृङ्गार तथा गोरडी भी सूनी है। ऐसा ही भाव-विरह देसाउरी फागु मे दिया हुआ है:—

हंसला विण किसउं सरोवर, कोइलविण किसिउं रान,
वालभ विण किसी गोरड़ी, रहि रहि नाह अजाण ॥[3]

यहाँ नयिका तर्क करती है। अपने तर्क की पुष्टि के लिए दृष्टान्त भी प्रस्तुत करती है— हस विना सरोवर जैसे असुन्दर श्री हीन होता है, कोयल बिना वन भी वैसा ही श्री हीन, असुन्दर प्रतीत होता है, हे नाथ तुम अनजान रहे हो, अन्यथा इस सामान्य तथ्य से अवश्य परिचित होते कि पति के बिना नारी भी वैसी ही श्री हीन और असुन्दर हो जाती है।

'स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फागु' मे यही तर्क और भी प्रबल हो उठा है जो अनुत्तर है :—

---

१. नारी निराश फागु, २२।

२. सोनीराम कृत वसत विलास, २०।

३ विरह देसाउरी फागु, ७।

सूकइ सरोवर जल विना, हंसा किस्यूं रे करेसि,
जसघरि गमतीय गोरडी, तस किम गमइ रे विदेश ॥[1]

प्रवास हेतुक विप्रयोग की पूर्वावस्था का कवि ने यहां सुन्दर चित्र खीचा है। नायिका, नायक से कहती है– यदि जल बिना सरोवर सूख गया तो हंस क्या करेगा? इसी प्रकार गदराये यौवन को परित्यक्त कर प्रियतम ने प्रवासगमन किया तो उससे क्या लाभ होगा?

विरहिणि के उपालंभ में जहां अमर्ष है, वहां दुःख भी है। वेदना जैसे स्रवित हो रही है। उसकी उक्तिया सशक्त हैं। कभी उद्वेग के कारण व्याधि का अवस्था आ जाती है। दीर्घ विश्वासो और दौर्बल्य से विरहिणी जर्जर हो जाती है। कभी वह साजन को उपालम्भ देती हुई कहती है— हे साजन, तेरे कारण झूरती हुई हड्डियो का ढांचा मात्र रह गई हूं :—

झूरि झूरि पजर थई, साजन ताहरइ काजि,
नीद न समरू वीझडी न करइ मोरी सार ॥[2]

कभी विरहिणी को भूख, प्यास, लालसा, सुख, नीद, प्रसाधन, लज्जा आदि अरुचिकर प्रतीत होते हैं। उसकी देह पाडुर हो गई है। परन्तु वैद्य का कहना है कि यह पांडु रोग नही है। विरहिणी नायिका कहती है — हे साजन, तेरे विरह मे जो व्यथा मैंने सही और भोगी है, उसका कौन वर्णन कर सकता है?[3]

देह पांडुर भई वियोगिइ वईद कहइ एहनइं पिड रोग।
तुझ वियोगि जे वेदन मइं सही, मजनीया ते कुण मकइ कही॥

सच भी है, वे सवेदनाएं तो स्वानुभूत हैं, भोक्ता द्वारा आस्वादित हैं। विरह मे सयोगकालीन उपादान अत्यन्त दुःखदायी प्रतीत होते हैं, उनका भाव संप्रेषण विरहिणी की मनोदशा पर आधारित होता है, अतः विरह अवस्था में उक्त उपादानो का विषम प्रकृति वाले हो जाना स्वाभाविक ही लगता है। ऐसे ही मानसिक उद्वेग मे विरहिणी चन्द्रमा को उपालम्भ देती हुई कहती है— रे चन्द्र, तुम क्यो नही प्रयाण करते हो? किरण रूपी जलती हुई लकडियो के समूह से क्यो जला रहे हो? हे मलयानिल एक क्षण तुम्हारा है, तो एकक्षण मेरा भी है–

चंद रे तुं गम मूकि म मूं किम किरण डवाडु।
कोइल वोलि ममान सिउं मानसिउ ताहरउ पाडु।
मनकरि मधुकरि रुणिझुणि नीझणि रहण सुहाइ।
मलयानील क्षण माहरो याहरी क्षण छकु वाइ॥[4]

---

1. स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फागु, ८।
2. स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फागु, ३९।
3. स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फागु, ३३।
4. जयशेखर सूरि कृत प्रथम नेमिनाथ फागु, १०।

एक क्षण तुम्हारा है तो एक क्षण मेरा भी है—मे भाव-गांभीर्य हैं। विरह मे दुःख असीम होता है। विरहिणी को वस्त्र-सज्जा अपनी ओर आकर्षित नही कर पाती है। भोजन उसे उच्छिष्ट-सा प्रतीत होता है। जल का स्वाद भी मधुर प्रतीत नही होता।[1] हृदय पर अवस्थित हार, भार के समान प्रतीत होता है। सम्पूर्ण श्रृङ्गार अङ्गारवत् प्रतीत होता है। यहा तक की हृदय को हरने वाले चन्दन और चन्द्रमा भी मनोहर प्रतीत नही होते।[2] कभी वह भौंरे से कहती है—तू मेरा मार्ग छोड दे। मेरा शरीर तेरे कारण स्खलित होता जा रहा है। यह चन्द्रमा पहले से ही सन्ताप दे रहा है। अपने से तो कोई वैर नही है —

भमरला छाडिन पाखल्न माखल थया अम्ह सइर।
चांदुना सइर सतापण आपण तां नही वइर॥[3]

प्रियतम के न लौटने पर उसे इतनी झुंझलाहट आती है कि वह ज्योतिषी को तिक्त बातें कहती है, उसे वचना फैलाने वाला घोषित कर देती है।[4] कभी वायस को बुला कर दूध-भात का प्रलोभन देकर अपनी मनचाही बात कहने की याचना करती है।[5]

इस प्रकार विवेच्य फागुओ के विप्रलभ श्रृङ्गार की सश्लिष्ट एव विराट सयोजना मे शिल्प-चातुर्य और भाव-विदग्ध दोनो ही हैं। उनमे मार्मिक तथा करुण भावो की अभिव्यजना है। विरहिणी पर घटित सभी विरह अवस्थाओ का कवियो मे वर्णन किया है।

फागुओ के काव्यपूर्ण स्थल अलकारो से मडित हैं। अन्तर्यमक पर जैसा अधिकार इन फागुकारो को था, वैसा अन्यत्र दिखलाई नही पडता। वसन्त विलास फागु के प्रत्येक छद मे अलकार-संयोजना है। फागुकारो के प्रिय अलकार—यमक, उत्प्रेक्षा, मीलित, उपमा, रूपक, साँगरूपक, अनुप्रास, अप्रस्तुति आदि हैं। परन्तु अलकार सयोजना सभी फागुओ मे उपलब्ध नही होती। यह कथन कुछ ही फागुओ पर लागू होता है।

प्रकृति परिवेश की दृष्टि से फागुओ का वसन्त निरूपण निस्तेज है साथ ही निर्जीव भी। परन्तु नारी सौन्दर्य-बोध और विप्रलभ श्रृङ्गार को दृष्टि से कुछ फागु कृतियाँ अवश्य सुन्दर है। शेष कृतियाँ धर्म-पुराण हैं, अथवा धर्म-कथाएं हैं अथवा नीति-ग्रन्थ हैं, परन्तु काव्य नही। पद्य-बद्ध रचनाएं उन्हे अवश्य कहा जा सकता है।

---

१. वसन्त विलास, ४१।
२. वही ४०।
३. वही, ४३।
४. जयशेखर सूरि कृत प्रथम नेमिनाथ फागु, ५१।
५. जयशेखर सूरि कृत प्रथम नेमिनाथ फागु, ४७,४८, ४९।

फागु काव्य का छन्द-विधान

फागु कृतियां—जैसे फागु काव्य की विषय-निरूपण सम्बन्धी अपनी विशिष्टता है, वैसे ही छन्द-विधान सम्बन्धी भी अपनी विशिष्टता है, यों कहा जा सकता है कि उसके अपने विशिष्ट छन्द रहे हैं। छन्द-विधान की दृष्टि से फागु कृतियो को तीन वर्गों मे विभक्त किया जा सका है :—

(१) परम्परा या दोहाबद्ध फागु कृतियाँ,

(२) प्रयोग का अन्तर्यमक प्रधान दोहा निबद्ध फागु कृतियाँ,

(३) छन्द वैविध्य परक फागु कृतियाँ।

(अ) परम्परा या दोहाबद्ध फागु कृतियाँ :— अपेक्षाकृत प्राचीन फागुओ मे छन्द-विधान इस प्रकार मिलता है:— एक दोहा के बाद रोला का विधान किया गया है। कई रोला और एक दोहा मिलकर भास (भाष्य-भाषा-भास) का निर्माण करते हैं और समूचा फागु कई भासो मे निबद्ध होता है। भासो और रोलाओ की सख्या अनिश्चित है। जैसे पद्मसूरि कृत 'स्थूलिभद्र फागु' ७ भासो मे निबद्ध है तो प्रसन्नचन्द्र सूरि कृत 'रावणि पार्श्वनाथ फागु' ३ भासो मे, अज्ञात कवि कृत 'भरतेश्वर चक्रवर्ती फागु' ५ भासो मे और अज्ञात कवि कृत 'पुरुषोत्तम कृत पाँच पाण्डव फागु' आठ भासों मे निबद्ध है। इसी प्रकार राजशेखर सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु' मे एक दूहा के बाद दो रोला हैं तो प्रसन्नचन्द्र सूरि कृत 'रावणि पार्श्वनाथ फागु' के प्रथम भास मे एक दूहा के आठ रोला आये हैं। 'भरतेश्वर चक्रवर्ती फागु' मे एक दोहे के बाद तीन रोला आये हैं। निम्नलिखित कृतियाँ रोला और दूहा छन्द मे निबद्ध है :— जिनपद्म सूरि कृत 'स्थूलि भद्र फागु', राजशेखर सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु', कृष्णवर्षीय जयसिंह सूरि कृत प्रथम तथा द्वितीय 'नेमिनाथ फागु', जयसिंह सूरि का पहला 'नेमीनाथ फागु', प्रसन्नचन्द्र सूरि कृत 'रावणि 'पार्श्वनाथ फागु' अज्ञात कवि कृत 'पुरुषोत्तम पांच पाण्डव फागु', अज्ञात कवि कृत 'भरतेश्वर चक्रवर्ती फागु' और 'कीर्तिरत्न सूरि फागु'।

जैसा कि स्थूलिभद्र फागु से स्पष्ट है कि फागु गेय रूपक हैं। श्रावको और जनता के गाने तथा अध्ययन करने के लिए ही इन फागुओं की रचना हुई है, अतः इसमे भाषा छन्द रोला वेग के साथ पाठ करने योग्य छन्द है। भास के प्रारम्भ मे

साखी जैसा आया दोहा एक प्रकार से विराम की स्थिति उद्भूत करने के लिए प्रयुक्त किया गया है। रोला मे जहां प्रवाह, आरोह गति, लय का नैरन्तर्य है, वहां दोहा मे अवरोह, स्थिरता और विराम है। इसी हेतु सगीत की सुविधा के लिए इसका छन्द विधान सानुरूप किया गया।

१. सादा दोहा :— भास का दोहा सादा है। 'जिनचन्द्र सूरि फागु' सादे दूहें मे निबद्ध है। दोहा की व्युत्पत्ति 'द्विपथा', 'दोग्धक', द्विपथक' तथा 'द्विपदिक' आदि से मानी जा सकती है। इसका सबसे प्राचीन उदाहरण 'विक्रमोर्वशीय' नाटक के चतुर्थ अङ्क मे मिलता है जो कि अपभ्रंश भाषा मे निबद्ध है :—

मइ जानिअं मियलोयणी, णिसयरु कोइ हरेइ।
जाव णाण्व जलि सामल, धाराहरू वरसेइ॥

यह दोहा कालिदास कृत है, या प्रक्षिप्त, यदि इस विवाद मे न पडा जाये तो प्राकृत पेंगलम का साक्ष्य मान्य है, जिसमे दोहे के अनेक भेद, उपभेदों की चर्चा की गई है। शब्द योजना, उक्ति वैचित्र्य और भाव गुम्फन की दृष्टि से यह छन्द पूर्णतया उपयुक्त हैं। 'जिनचन्द्र सूरि फागु', समग, समुधर, और पद्म का 'नेमिनाथ फागु', 'गुणचन्द सूरि का 'वसत फागु' अज्ञात कवि कृत 'मोहिनी फागु', 'सालिभद्र फागु', 'रावण पार्श्वनाथ फागु', 'पार्श्वनाथ फागु', 'पुण्यरत्न सूरि फागु' मे सादा दूहा ही व्यवहृत हुआ है।

२. सादा दूहा मे समचरणो मे और विषम चरणों मे ११ मात्राओं का विधान है। जबकि रोला. मात्रिक समछन्द का एक भेद है। प्राकृत पैंगलम् के अनुसार इस छन्द के प्रत्येक चरण मे २४ मात्रायें और अन्त मे गुरु (S) रहता है।[1] भिखारीदास ने केवल २४ मात्रा के चरण का उल्लेख किया है और यति अनियमित बतलाई है।[2] प्रचलित परम्परा के अनुसार रोला में ११, १३ पर यति का विधान है।

परन्तु फागुओं मे ये बन्धन शिथिल रहे हैं। कही भी कठोरता के साथ उनके प्रयोग में या यति विधान मे दुराग्रह नही रहा है। दूहा छन्द का निर्वाह अवश्य ठीक हुआ है। वर्णन सौन्दर्य की दृष्टि से भी रोला छन्द उपयुक्त रहता है।

३. लटकणियां :— फागु काव्य गेय रूपक हैं, यह पहले भी दोहराया जा चुका है, इसकी प्रतीति फागुओ की छन्द रचना से भी होती है। दोहा अथवा रोला जैसे मात्रिक छन्दो के प्रारम्भ मे कुछ फागुओ मे 'अहे', 'आहे' अह' जैसे लटकणियों का प्रयोग है। यह सचेत ध्वनि है, गायन के प्रारम्भ में इसका प्रयोग

---

१. प्राकृत पैंगलम्, १।१९।

२. भिखारीदास, छन्दो० पृ० ३०।

सचेत करने के लिए किया जाता है। संभवतया आलाप भरने के लिए ये लटकणियां माध्यम रहे होगे। लठकणियाँ का प्रयोग 'जिनचन्द्र सूरि-फागु', राजशेखर, जयशेखर, समुधर और समर के 'नेमिनाथ फागु', 'पुरुषोत्तम पाँच पाण्डव फागु', गुणचन्द्र सूरि कृत 'वसत फागु', 'हेमरत्न सूरि फागु', 'वाहणानी फाग', 'अमर रत्न सूरि फाग', 'आदीश्वर फाग', इत्यादि मे हुआ है।

(आ) प्रयोग :—(अन्तर्यमक प्रधान दोहा निवद्ध फागु कृतियाँ)

शनैः शनैः फागु काव्य-रूप लोकप्रिय होता गया और शिष्ट काव्य मे स्थान पाता गया। विदग्ध भावो की अभिव्यक्ति के लिए यह छंद रचना सर्जनानुकूल थी, परन्तु अभिनवता के कारण छन्द-विधान मे नये प्रयोग किये गये। अन्तर्यमक वाला दोहा उसी प्रकार का प्रयोग है।

अन्तर्यमक प्रधान दोहा:— जितने भी प्राचीन फागु हैं उनमें अन्तर्यमक वाला दोहा न होकर सादा दोहा आया है। इससे यह आभास होता है कि अर्थाभिव्यंजना के सौंदर्य और चमत्कार प्रदर्शन के लिए इस छद का प्रयोग हुआ है। यद्यपि इस दोहा के प्रयुक्त करने वाले कवियो को भास विभाजन का अच्छा ज्ञान था, परन्तु अर्थ चमत्कार के लिए उन्हे अन्तर्यमक (Internals rhyme chain) का प्रयोग करना पडा है। वसन्त विलास मे इनका आभास भी मिलता है —

पहिलउ सरसति अरचिसु, रचिसु वसत विलासु,
फगु पयड पयवर्धिहिं सवियमक भल भास ।[1]

इससे ज्ञात होता है कि कवि को परम्परा का अच्छा ज्ञान था। यों यमक का चमत्कार कालिदास के 'रघुवश' मे भी मिलता है, जिसका प्रयोग काव्यगत सौंदर्य-बोध के लिए किया गया है। यमक अलकारद्वार अर्थ बोध बढ़ाने की प्रतीति इन फागुकारो को भी थी। सोमसुन्दर सूरि ने तभी लिखा है.—

श्री नेमेः परमेश्वरस्य यमकालकार सार मनः
स्मेरीकारकरगसागर महाफाग करिष्ये नवम् ॥[2]

'वसंत विलास' के इस छन्द के स्वरूप पर अब कुछ विचार कर लिया जाय। इस छन्द को हस्तलिखित प्रति मे 'हवई दुआलु' कहा गया है और दू०, जो कि दूहा का सक्षिप्तिकरण है, जो कुछ हस्तलिखित प्रतियो मे प्रत्येक छन्द के बाद प्रयुक्त किया गया है। इससे यह आशय निकलता है कि छन्द सरचना दोहा मे मिलती-जुलती होनी चाहिए। सामान्य स्थिति में सम चरणो १३ और विषम

---

१. वसन्त विलास, कडी १।
२. सोम सुन्दर सूरि कृत 'रग सागर नेमि फाग' प्रारम्भिक श्लोक।

चरणो मे ११ मात्राए दूहा या दूहा की सरचना करती है। परन्तु फागुओ मे अन्तर्यमक के विधान हेतु छन्द- विधान मे दोहा परिवर्तित किया गया है। यदि वसत विलास मे फागु की छन्द सरचना पर विचार किया जाय तो उसमे अन्तर्यमक के विधान हेतु छन्द-विधान मे दोहा परिवर्तित किया गया है। यदि वसन्त विलास मे फागु की छन्द सरचना पर विचार किया जाय तो उसमे अन्तर्यमक सहित १२+११ मात्राओ का विधान मिलता है। बीच में चार मात्राओ का अन्तर्यमक छन्द के प्रथम चरणान्त मे और ४ मात्राओ का अन्तर्यमक दूसरे चरण के प्रारम्भ मे आया है। १३ से १२ मात्राए होने का कारण यह है कि प्रथम चरण का अन्तिम अक्षर हमेशा लघु करके इस प्रकार का क्रम विधान किया जाता है कि गति मे तीव्रता उत्पन्न की जा सके और चरणो को सम किया जा सके।

लेकिन वसत विलास में कवि इस नियम के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध नही रहा है। उसने स्थल-स्थल पर इस नियम को तोडा है। वसन्त विलास छन्द शास्त्रीय दूषण (Prosodic Contamination) से अधिक ग्रस्त है, यही कारण है उसका छन्द विधान रपटीला और लचीला है। १२ मात्राओ का सम चरण कही लम्बा हो गया हे तो कही ११ मात्राओं वाला विषम चरण, अधिक लम्बा, तथा अधिक मात्राओ वाला हो गया है। जैसे:—

अलि मकरदिहि मुहरिया सवि सहकार = १४+१२
मद सुरभि हिए लक्षण-दक्षण वाह समीर = १३+१२

इस प्रकार वसन्त विलास मे यह छन्द लचीला होकर आया है। इस लचीलेपन के कुछ कारणो पर श्री मोदी ने प्रकाश डालते हुए कहा है :—

(१) इस काव्य (वसन्त विलास) की रचना गाने के लिए हुई और यह लोकप्रिय रचना थी। अत: इसमें न केवल शब्द (Dictional) अपितु छद सबधी विसगतिया पाना स्वाभाविक है।

(२) कही-कही 'रे' ए, अहो जैसे लटकणियां (Music Partices) का प्रयोग होने से मात्रा-विधान असयत हो गया है।

(३) बहुत से छन्द, छन्द से निबद्ध होकर 'फागुनी चाल' मे लिखे गये हैं। जिससे वे फागु के समान गाये जा सके हैं। अतः छद और मात्रा की कठोरता बरतने का प्रयास नही हुआ है।

इसके अतिरिक्त श्री मोदी ने इसका संबन्ध ध्वनि विज्ञान से भी बैठाया है।[1]

मोदी के द्वारा निकाले गये निष्कर्ष, निश्चित रूप से सही हैं। वसत-विलास

---

१. M. C Modi, Vasant vilas, Introduction.

का छन्द-निर्धारण करते समय मोदी ने अपना यह मत दिया है कि वसंत विलास का छन्द विधान दुहानो चाल है, कठोर 'दुहा' (दोहा) नहीं है।[1]

श्री हरी वल्लभ चूनीलाल भायाणी का मत है कि यह छन्द उपदोहक है जिसमे १२+११ मात्राओ का विधान किया गया है। इसका असदिग्ध समर्थन जय सुन्दर सूरि के सस्कृत फागु 'महावीर स्तवन फागु बन्ध'[2] से मिलता है, जिसमे फागु कि नाम से अभिहित छन्द मे १२+११ मात्राए हैं।[3]

श्री रामनारायण पाठक इस छन्द मे रोला (२४ मात्राओं) का समावेश पाकर रोला का भ्रम उत्पन्न करते हैं।[4]

अन्तर्यमक प्रधान दोहे का प्रयोग अर्थ चमत्कार एवं गति को तीव्र बनाने तथा चरणों को गाने हेतु सम बनाने को हुआ है। इस दोहा का प्रयोग भी बहुलता से किया गया। १५ वी शती के प्रथम चरण से ही इस छन्द रूप का प्रयोग प्रारम्भ हो गया वसन्त विलास के अतिरिक्त जयसिंह सूरि कृत 'नेमिनाथ फागु', अज्ञात कवि कृत 'जम्बुस्वामी फागु', मेरुनन्दन कृत 'जीरापल्ली पार्श्वनाथ फागु', जयशेखर सूरि कृत प्रथम 'नेमिनाथ फागु', 'नारी निरास फाग' और 'हरिविलास', 'हेमरत्न फागु', 'अमर रत्न सरि फागु', जयशेखर सूरि कृत द्वितीय 'नेमिनाथ फागु' मे अन्तर्यमक वाले दोहे को प्रयुक्त किया है। लय का विधान और उसके सम के लिए आन्तरिक लय (Internal Rhyme chain) की व्यवस्था की गई है।

२. **फागु बनाम फाग** :—फागु काव्य के इतिहास मे विचित्र बात यह हुई कि अन्तर्यमक वाला दोहा ही न केवल इस काव्य रूप का प्रतिनिधित्व कर बैठा अपितु उस पर छा गया। उपरिगणित कृतियां इस छन्द मे निबद्ध होने के कारण, प्राचीन फागुओ की अपेक्षा काव्य के उत्तरोत्तर विकास को सूचक है। तत्पश्चात् अन्तर्यमक वाले दोहे का अर्थ विकास होता गया। इस छन्द की फागुओं मे इतनी

---

१. The Metrical from of V. V is only the दुहानीचाल and not a Strict दूहा. (M C. Modi, Vasant Vilas, Introduction)

२. K. B vays, महावीर स्तवन फागु बंध of Jay Sunder Suri, a rare Sanskrit Phagu poen, General of the University of Bombay, 802—1961, P. 129—180

३. 'वसन्त विलास' ना छदनु सविस्तर पृथक्करण करीने मे से विषम चरण मा बार मात्रा अने समचरणमां अगियार मात्रा धरावतो उप- दोहक छंद (१२+११ मापना प्रसिद्ध दोहानो एक प्रकार) होवान वशी- वेलु।' (हरि विलास एक मध्यकालीन जैनेतर फागु काव्य, स्वाध्याय, अङ्क ३, अक्षय तृतीया।

४. रामनारायण पाठक, प्राचीन गुजराती छन्दो, १९४८, १५६–१६०।

अन्तर्भुक्ति हुई और इस काव्य से इतना सम्बद्ध हो गया कि इस छन्द का नाम ही फागु पड गया। यह सत्राति जयशेखर सूरि के प्रथम 'नेमिनाथ फागु' से ही परिलक्षित होती है। इस फागु मे प्रारम्भिक २४ कडियां अन्तर्यमक वाले दोहे मे रचित हैं। बाकी का काव्य 'भास' मे निबद्ध है, जिसमे प्राचीन फागुओ का छन्द व्यवहृत हुआ है। एक दोहे के बाद कभी तीन तथा कभी चार रोला का विधान हुआ है।

परवर्ती फागुओ मे जितने भी फागु छन्द-वैविध्य परक लिखे गये, उनमें फागु अवश्य ही एक छन्द होता है तथा जिसमे अन्तर्यमक का ही प्रयोग मिलता है।

फागु छन्द का विघटन वसत विलास मे ही नही हुआ है, अपितु अन्य कृतियो मे भी यह परिलक्षित होता है। जैसे जयशेखर सुरि के 'नेमिनाथ फागु' मे १२+१२ मात्राओ का विधान किया जा चुका है। यहाँ सम चरणो मे कवि अन्तिम वर्ण को लम्बा कर गया है, यद्यपि वह सचेत रहा है, कि लघु वर्ण देकर ११ मात्राओ का आभास करा सके। इसके सम्पादक का तो यह दावा है 'The present फागु poem is written by a poet who was also a sanskrit poet of distinction and naturally the purity of metrical from a more preserved in this फागु than in वसत विलास।'[1]

मेरुनन्दन कृत 'जीराउलीपार्श्वनाथ फागु' मे छन्द-विधान १२+१२ मात्राओं का रखा गया है।

यद्यपि अन्तर्यमक छन्द या फागु की सरचना १२+११ की रखी गई, पर इस नियम को लचीला बनाया, इसके गेय तत्व ने। गाना जितना अधिक लोकप्रिय होगा, उतना ही छन्द-विलास लचीला होगा, साथ ही लिपिबद्ध करने पर उसमे उतना ही 'प्रोजेडिक कटेमोनेशन' (छन्द शास्त्रीय दोष) होगा।

इस छन्द के लिए 'फागु', 'फागनी देशी', 'फागनी ढ़ाल' आदि शब्दो का भी प्रयोग हुआ है। कई स्थलो पर फागुबन्ध होने का उल्लेख हुआ है।

(१) थूलिभद्द मुणिवह भणिमु, फागु बन्धि गुण केवी (सिरिथूलिभद्द फागु)
(२) फागु बधि पहु नेमि जिणु गुण गाएसउ केवी (नेमिनाथ फागु)
(३) फागबधिए गुरु विनती, भाव भगति भोलिग सजुना (देवरत्न सूरि फागु)

इ—छन्द वैविध्य परक फागु कृतियां :— प्रयोगो मे अन्तिम तथा व्यापक प्रयोग छन्द वैविध्य परक परम्परा का है। परवर्ती फागुओ मे अधिकाश फागु छन्द वैविध्य परम्परा के अन्तर्गत लिखे गये हैं, इन फागुओ मे अनेक छन्दो का प्रयोग

१. गुर्जर रासावली, पृ० १३।

किया गया है जिससे यह अनुभव होता है कि फागु काव्य न केवल गेय रहे अपितु पाठ्य हो गये और फागुओ का स्वरूप शिष्ट काव्य के रूप मे निखरता गया। 'नारायण फागु' की रचना रास, अन्दोला, फागु (अन्तर्यमक प्रधान दोहा), अढैया से हुई है। माणक्य सुन्दर सूरि कृत 'नेमिश्वर चरित फागु काव्य-बंध' मे इसी पद्धति को अपनाया गया है। ८८ कडियों का यह काव्य छन्द-वैविध्यता से आपूरित है। प्रारम्भ मे सस्कृत श्लोक, पीछे रास, अढैया, फिर फागु या सामान्य क्रम है। पर किसी खण्ड मे फागु नही है (खण्ड ४, ६, ९,) किसी मे अढैया (खण्ड ५, १०) का अभाव है, खड ७ मे फागु कई बार आया है, १३ मे श्लोक और रास है। सस्कृत श्लोको मे भी विविध छन्द हैं। 'रास' शीर्षक वाली कडियां भी एक निश्चित ढाल मे नही हैं, वैविध्यपूर्ण देशी ढालो मे है।

सोम सुन्दर सूरि कृत 'रंग सागर नेमि फाग' तीन खण्डो मे निवद्ध कृति है। प्रत्येक खण्ड के प्रारम्भ मे सस्कृत के प्राकृत श्लोक अथवा प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी के वृत्त वद्ध श्लोक, रासक, अन्दोला, फाग आये है, यही सामान्य परम्परा रही है। कही-कही बीच मे एकाध सस्कृत का छन्द आ जाता है, अथवा सामान्य उपक्रम मे थोडा उलट-फेर हो जाता। पहले खण्ड के ३१ वें छन्द मे, दूसरे के २७ और ३१ वें छन्द मे, तीसरे के पहले और आठवें छन्द मे तथा इसी के १८ और १९ वें छन्द में गुजराती का शार्दूल-विक्रिडित छन्द आया है। इससे प्राचीन गुजराती की वृत्त रचना पर प्रकाश पडता है।

'देवरत्न सूरि फाग' ६५ छन्दो मे निवद्ध काव्य है, जिसमे एक सस्कृत श्लोक, पीछे रास (देशी) अढ़ैया, फिर फाग, यही प्रमाणक्रम है। ५७ छन्दो मे ग्रथित 'हेमविमल सूरि फाग' भी तीन खण्डो मे विभक्त, फाग और अन्दोला छन्द मे लिखा ग या है।

इस प्रकार भिन्न छन्द वाले प्रयोग जो खुल निकले तो चलते रहे। इस प्रयोग को स्वीकारा और ग्राह्य वनाया गया धनदेव गणि कृत 'सुरगामिध नेमि फाग', आगम माणिक्य कृत 'जिनहंस गुरु नवरंग फाग', अज्ञात कवि कृत 'राणपुर मडन चतुर्मुख आदिनाथ फाग', कमल शेखर कृत धर्ममूर्ति गुरु फाग', 'सुमति सुन्दर फाग', धर्म सुन्दर कृत 'नेमिश्वर वाल लीला फाग', विद्याभूषण कृत 'नेमीश्वर फाग', 'पार्श्वनाथ वसंत विलास फागु', 'हेमविमल सूरि फाग' (द्वितीय) आदि मे।

इनमे अधिकांश कृतियां सस्कृत के श्लोको से मुक्त है, परन्तु 'वसत विलास' और 'हरिविलास' की तरह वे उद्धृत न होकर कवियो द्वारा स्वरचित हैं। इनमें काव्य, श्लोक, आर्या आदि छन्दों का प्रयोग हुआ है। दूसरे, वैविध्यपूर्ण छन्द विधान का अपना कोई क्रम विधान नही है। कोई छन्द किसी कृति में पहले आया है, तो दूसरी कृति मे वाद मे। इनके अतिरिक्त शार्दूल विक्रीडित, मालिनी, गीतिका आदि सस्कृत वृत भी आये हैं।

प्रमुख छन्द इस प्रकार हैं :—

(१) फाग :—अन्तर्यमक प्रधान दूहा है।

(२) अढ़ैया :— १६+१३ मात्राएँ। पहला चरण चरणानुकूल, दूसरा चरण दोहा का उत्तरार्द्ध+२ मात्राओ का गीत वर्णन (Song syllable)। इस प्रकार का छन्द-विधान अढैया मे पाया जाता है।

(३) अन्दोला :– दूहा की ११ मात्राएँ सम चरण मे तथा विषम मे भी ११ मात्राओ के योग से अन्दोला का पूरा चरण बनता है। दूसरा चरण १०+१० मात्राओ का (८ मात्राएँ+२ मात्राएँ गीत वर्ण) होता है। दूसरे चरण की लय, पहले चरण से भिन्न पडती हैं।

(४) रास :— यह तीन चरण वाला छन्द है। पहला चरण तथा दूसरा चरण १६+१६ मात्राओ का। तीसरा चरण १३ मात्राओ वाले दोहे का उत्तरार्द्ध है। दूसरे चरण का अन्तिम शब्द तीसरे चरण के पहले शब्द के साथ यमक-सम्बन्ध से मुक्त हैं।

अन्य छन्दो मे कनक सोम कृत 'मंगल कलश फाग' का अधिकाश भाग दोहा, चौपाई और देशी ढाल मे है। इस फागु मे त्रोटक छन्द भी आया है। जयवंत सूरि कृत 'स्थूलिभद्र कोशा प्रेम विलास फाग' फागुनी ढाल मे निबद्ध है।

इस प्रकार इस काव्य रूप मे छन्द विधान सबधी उत्तरोत्तर परिवर्तन आते गये हैं।

हरि विलास

रचना काल– १५ वीं शती का पूर्वार्द्ध

[फाग]

पूजीय चपकि भारती आरती करीय कपूरि ।
गोविंद-ना गुण गाइसिउँ थाइ सिउँ पातक दूरि ।। १

पणमीय गुण-तणु नायक दायक श्रेय अनन्त ।
गाइसिउ चीति आराहीय राहीय-रुपणि-कंत ।। २

श्लोक:

ततोऽखिल-जगत्-पद्म-बोधायाच्युत-भानुना ।
देवकी-पूर्वसन्ध्यायामाविर्भूतं महात्मना ।। ३ [१] (वि. पु. ५, ३, २)

[फाग]

जेह-नि उदरि वे अवतर्या अवतर्या (?) ईशना अंश
उर्वीय भार ऊतारवा तारवा यादव वंश ।।४

बालपणूँ मनि रोपीय गोपीय रूप अनन्त
अवनीय भार उथापिवा थापिवा मारगि सत ।। ५

जनमिउ चतुर्भुज-देव की देवकी-सारिसि बाल (?)
वसुदेव गोति-थिउ छूटउ खूटउ कंस-नु काल ।। ६

श्लोक:

सा विमुक्त-महारावा विच्छिन्न-स्नायु बन्धना ।
पपात पूतना भूमौ म्रियमाणाऽतिभीषणा ।। ७ [२] (वि. पु. ५, ५, १०)

[फाग]

जोइन-परिक्रम-पूतना (?) पूतना कीधी अचेत ।
अवतरिउ कोईय मानव दानव-वंश-नु केत ।। ८

श्लोक:

ततः कटकटा शब्द-समाकर्णन-तत्परः ।
आजगाम व्रज-जनो ददृशे च महाद्रुमौ ।। ९ [३] (वि. पु. ५, ६, १८)

कृति की भाषा परिमार्जित, संशोधित, निथरी हुई और साहित्यिक है। काल-निर्धारण की दृष्टि से यह भाषा १५ वीं शती के पूर्वार्द्ध की है। इसका रचना वैभव 'वसंत विलास,' 'रंग सागर फागु' तथा 'रंग तरंग फागु' के अधिक समीप है। इसमे सविस्तार कथानक के सन्दर्भ मे वर्णन करने की शैली 'वसन्त विलास' जैसी ही अपनाई गई है, अतः इसका रचनाकाल सम्वत् १४०० के लगभग माना जा सकता है।

हरि विलास फागु

वैष्णव फागुओं में यह सबसे सुन्दर, काव्य बोध और सौंदर्य-बोध से आप्लावित फागु है। कृष्ण और गोपिकाओं की वास्तविक-क्रीडा और विशिष्टतया रास-क्रीडा इसकी वर्ण्य वस्तु है, परन्तु कवि ने कृष्ण द्वारा किये गये सभी लोकहित से सम्बन्ध कार्यों का वर्णन किया है। कृतिकार वैष्णव है, इसमे कोई सशय नहीं, क्योंकि कृष्ण की लीलाओ के साथ फागुकार ने कृष्ण के लोकरक्षक और लोकरंजक दोनो ही रूपो को प्रस्तुत किया है। दूसरे, कवि ने जितने भी श्लोक दिये है, वे सभी 'विष्णुपुराण' से उद्धृत हैं। केवल छद 'विष्णु पुराण' का नही है, परन्तु वह भी वैष्णव ग्रथ विल्वमगल कृत 'कृष्ण लीलामृत रासाष्टक' का है। एक अज्ञात ग्रन्थ का है।

इस कृति मे मगलाचरण के उपरान्त कवि ने कृष्ण के जन्म लेने का वर्णन (३-६), पूतना-वध (७-८) यमलार्जुन भजन (९-१०) यशोदा को विश्व-दर्शन (११-१२) गोपाल कृष्ण (१३), केशिवध १४-१५), गोवर्द्धन धारण (१६-१७), कालियदमन (१८-१९), प्रलंबवध (२०-२१), वृषासुर वध (२२-२३), दान लीला (२४-३१), रास लीला (३२), रासलीला मे शरद वर्णन (३२-३३), कृष्ण रूप वर्णन (३४-३७), वेणुवादन (३७-३८), गोपी-उत्कंठा और शृङ्गार वर्णन (३९-५६ कृष्ण की अन्तर्ध्यान लीला (५७-५९), गोपी विरह वर्णन (६०-७६) पुनर्मिलन (७७-८२), वसत वर्णन (८३-८६), विरहिणी वर्णन एव भ्रमरोन्योक्ति (९०-१००), रास लीला वर्णन (१०१-१११), गोपी रूप वर्णन (११२-१३२) किया है। इस प्रकार फागु वर्ण्य-वस्तु से ही नही अपितु काव्य-बोध से भी अत्यन्त समृद्ध एवं सशक्त है।

हरिविलाल फागु का आधार ग्रन्थ विष्णु पुराण रहा है, विशिष्टतया उसके पाँचवें अंश के अध्याय ३ का १३ वाँ प्रसंग ही उक्त फागु का उपजीव्य है। कृति अपूर्ण है। किस कारण से अपूर्ण रही, यह अज्ञेय है। कृष्ण के पूर्वार्द्ध जीवन की समूची झलकियां देकर ही कवि चुप हो गया है। इसीलिए फागुकार का कोई सकेत नही मिलता। सम्भवतया रचयिता का नाम वेद नारायण रहा हो क्योंकि एक छन्द मे आया है:—

> लिहरी-नाम तू वयणि रे नयण म मीचि गुलामि।
> वामिसु विरह-नी वेदना वेद-नारायण नामि॥

[फाग]

रीखतइँ नग-युग मोडीय ओडीय दूखल पास ।
सुरकलइँ दत दिखाडीय भाडीय पूरी आस ॥ १०

श्लोकः

मन्थानमुज्झ मथितुं दधि न क्षमस्त्वं ।
बालोऽसि वत्स विरमे'ति यशोदयोक्तः ॥
क्षीराब्धि-मन्थन-कृति-स्मृति-जात-हासो ।
वाञ्छास्पदं दिशतु नो वसुदेव-सूनुः ॥ ११ [८]

[फाग]

'जांण नँही तु विरोलीय गोलीय मेल्हि कुमार' ।
मुरकिउ 'सुमुद्र मइँ सोधीय सो घीय लीधु सार' ॥ १२
गाइ वृन्दावनि चारीय तारीय जमरण-नि वीरि ।
वावि वांसली वातु वातु गोकलि तीरि ॥ १३

श्लोकः

द्विपाठ- पृष्ठ-पुच्छार्ध-श्रवणैकाक्षि-नासिके ।
केशिनस्ते द्विधाभूते शकले द्वे विरेजतुः ॥ १४ [५] (वि. पु. ५, १६, १५)
आविउ तेखतु देखतु वेग तुरंग धरीय ।
केशीय कांन्हि विभाडिउँ फाडीउँ वदनि धरीय ॥ १५

श्लोकः

गोपांश्चाह जगन्नाथः समुत्पाटित-भूधरः ।
विशध्वमत्र त्वरिता कृत वर्ष-निवारणम् ॥ १६ [६] (वि. पु. ५, ११, १७)

फाग

कर-तलि परवत तोलीय रोलीय प्रलय-नु मेह ।
गोपियाँ गोधन गोपीय रोपीय परवत-गेह ॥ १७

[श्लोक]

आनम्य चापि हस्ताभ्यामुभाभ्या मध्यमं फणम् ।
आरुह्य भुग्न-शिरसो विननर्तोरु विक्रमः ॥ १८ (वि. पु. ५, ७, ४४)

[फाग]

जमण-नूं नीर निहालीय कालीय काढिउ नाग ।
नाथीय निश्चल वीधु दीधु फणि-शरि पाग ॥ १९

श्लोकः

मुष्टिना चाहनन्मूर्ध्नि कोपोऽप्यन्तो जनार्दने ।
तेनैवास्य प्रहारेण वहिर्याते विलोचने ॥ २० [८] (वि. पु. ५, ९, ३५)

[फाग]

मारता तीहुँ प्रलवन विलब न हूउ राम ।
माथइ मूंठि-निमोचनि लोचनि छाडिउ ठाम ।। २१

श्लोक:

उत्पाटयमे (?) कशृङ्ग तु तेनैवाताडयत्ततः ।
ममार सहसा दैत्यो मुखाच्छोणितमुद्गमन् ।। २२ [९ (वि पु. ५, १४, १३)

[फाग]

आविउ वृषासुर ताडतु पाडतु गोकुलि त्रास ।
कीधउ शृंग उपाडीय पाडीय प्राण-नु नाश ।। २३

माथइ महीय-नी गोलीय चोलीय पहिरी नारि ।
मधुरां ते वीकिवा चालीय झालीय देव मुरारि ।। २४

माटली मेल्हि न माहव आ हव थाइ असूर ।
लागसि खांपण आपण आ पण ऊगि सूर ।। २५

माधव मेल्हि कलाईय लाई लागइ वार ।
सुजडित चूडि विछूटसि वूटसि नव-सर हार ।। २६

मेल्हि रे कांवली कांवली कां बली आबु गमार ।
चूकिसु साथ रे सहीय-नु महीय-नु माथइ भार ।। २७

मेल्हि पटुलीय पल्लव वल्लभ देखइ गोप ।
अवसरि नही हरि आज रे लाज किस्यूं हिवइ लोप ।। २८

मांखण-कारणि भूंबि म हु विमणु दिउ कान्ह ।
ढोलि म गोली माहरी ताहरी जोइ न सांन ।। २९

कान्ह नवु करि रोपि म लोपि राउली आण ।
वाते लोक-नी लागि म मागि म महीय-नू दाण ।। ३०

वीकती महीय महीयारीय वारीय सिउं कहि कान्ह ।
महीय-नू दाण न होइ रे जो अम्ह दिइ तुं मान ।। ३१

श्लोक:

कृष्णास्तु विमल व्योम शरच्चन्द्रस्य चन्द्रिकाम् ।
तथा कुमुदिनी फुल्लामामोदित-दिगन्तराम् ।।३२ [१०] (वि.पु. ५ १३,१४)

[फाग]

कैरविणी जलि बहिकइ लहइकइ निशि मुकुरंद ।
हरिखिउ कान्ह विशारद शारद देखी चन्द ।। ३३

सजल कि जलहर नीलउ पीअलु पहिरणि चीर ।
वर सिरि सोहइ अलसीय अलसीय वानि सरीर ॥ ३४

झलकि मरकत कुण्डल मण्डल रवि-शशि बेह ।
चिहु भुजे झवकि केउर नेउर श्रीवत्स जेह ॥ ३५

सोहि खूप कृपालु कालु कान्ह युवान ।
वल्लव-वेख म लेखउ देखउ मगति-निधान ॥ ३६

सांभली हरि-वंश वाजतु गाजतु सजल कि मेह ।
हरि-विण प्रीति न मांडइ छांडइ गोपीय गेह ॥ ३७

'वेणु तइ सिऊ तप कीधउं य मीधूं य ताहरुं काज ।
हरि-अधरामृत पीवूं सीधूं य सरवस आज ॥ ३८

श्लोक:

निवार्यमाणाः पतिभिः पितृभिर्भ्रातृभिस्तथा ।

× × × ×

आत्मस्वरूप-रूपोऽसौ व्यापी वायुरिवास्थितः ॥ ३९ [११]

(वि. पु. ५, १३, पद्य; ५९, ५, १३, ६१ गद्य)

[फाग]

सांभली महूयरि मधुरीय वल्लवी धाइ ।
पितृ अनइ मातृ निषेधीय वेधीय माधव जाइ ॥ ४०

आवि रे आलि ऊतावली आवली वाजइ वंश ।
उर निरि मयण-ने ताडीय माडीय ऊडीय हंस ॥ ४१

केलि किसिउं करि गहिलीय वहिलीय पहिर न चीर ।
जेणइ त्रिभुवनि राचइं नाचइं ते वनि वीर ॥ ४२

मेल्हीय माणिक मोतीय प्रोतीय हार अमूल ।
चालीय श्रीरंग सांभरी तां भरी वर सिरि फूल ॥ ४३

परतीय करि कसतूरीय पूरीय सीस कपूरि ।
चालीय पूछती माग रे माग भरियां सिंदूरि ॥ ४४

चालीय एक निरंजन अंजनि रेखीय नेत्र ।
मयण-पयोधिक लहरीय पहिरीय नीलुं नेत्र ॥ ४५

पहिरीय रणकतां नूपुर रूप रची कर अंगी ।
चाली जगावती कांम रे कांम धरोय श्रीरंगि ॥४६

पहिरी अमूलिक अंशुक किंशुक-निवा शरीर ।
चालि गज-गति लहकति वहिकती अगरि आहिरि ॥ ४७

पहिरीय कालीय फालीय पालीय चाली नारि ।
रही मनि आप ऊवेरवी देखी गुरुजन बारि ॥ ४८

श्लोक:

काचिदावसथस्यान्तः स्थित दृष्ट्वा बहिर्गुरुम् ।
तन्मयत्वेन गोविन्द दध्यौ मीलित-लोचना ॥४९ [१२]
(वि. पु. ५, १३, २०)

[फाग]

सुणइ वयण न परिमल निरमल नामिउं(?) नीर ।
गासी यादव निरजन अन्जन-वानि शरीर । ५०

दोहतीय मेल्हि रे काजल काजल आँखि-नइ आलि ।
दरपण आपु मांजीय आंजीय नयण निहालि ॥ ५१

मेल्हि रे नूंजडी मूंजडी हु जडी मन्मथ-वाँणि ।
वयरीय विरहीय मारतु मार तु न करि काँणि ॥५२

ऊगिउ देखि निशष्कर शा कर बहिनि असूर ।
भेटि रे वनि मनि हरि धरी करि धरी फडस कपूर ॥५३

देखीय वाउलि लहिकती वहिकती नलिनीय नीरि ।
चाली रूप निशा भरा साँभरी काँन्ह आहीरि ॥ ५४

रूप भरी शरि मालति आलती करतीय कठि ।
चालीय ऊतर जोडीय छोडीय माँन-नी गंठि ॥ ५५

सिउं करु पचम राग रे राग धरीय श्रीरगि ।
जोइ न लोचन मीटीय वीटाय नाग सारंगि ॥७६

श्लोक:

गप्यश्च वृन्दतः कृष्ण-चेष्टा-स्वायत्त-मूर्त्तयः ।
अन्यदेश-गते कृष्णे चेरुर्वृन्दावनान्तरम् ॥५७ [१३] (वि.पु ५, १३, २४)

ता निवृत्तास्ततो गोप्यो निराशाः कृष्ण-दर्शने ।
यमुना तीरमागत्य जेगुस्तच्चरित मुदा ॥ ५८ [१४] (वि.पु. ५, १३, ४३)

[फाग]

गोपीय सविहुं देखतां दे खतां गिउ वन-माँहि ।
जाइवा-गति नही (?) गहिन रे वहिन रे वहिन रे नहीं अम्ह आहि ॥५९

गिउ हरि उलवी उलवी जवि लागी नारि ।
चालइ जलपति काँननि आननि देव मुरारि ॥६०

म करि अगरि अति आदर जादर चीर म ठोठी ।
साकर सा कर वाणीय वाणी करि हरि गोठी ॥६१

चूकीय देह-नु वांन रे कान्ह नही सखि गोठि ।
हरिविण परजली आँखडी आ खडी ऊडीय होठि ॥६२

आँग अनोपम वेपथ रे पथ आलि निहालि ।
मेल्हीय मन तणउ आमलु सामलु श्रीरंग भालि ॥६३

लि ह, र-नाम तूं वयणि रे नयण म मींचि गुलामि
वामिसु विरह नी वेदना वेद-नारायण नामि ॥६४

हरि गिउ हाथ विछोडीय छोडीय नव-नव नेह ।
सिउं करुं हरि हरि हरि जलपीय [जल पीय] छांडउं देह ॥६५

हरि-विण हूं करमाणीय पाणीय-विण जिम पांन ।
वयरी शशि जलइ रयणि रे नयणे न देखूं कान्ह ॥६६

एकली किम वनि भूलीय फूलीय पूछि न वेलि ।
वांहडी साहीय राहीय वाहीय गिउ हरि हेलि ॥६७

न रुचई चंदन चंदन चदु नही अभिराम ।
मनमथ-ताप न सहीय सही ए लिए हरि-नाम ॥६८

आलि रे मनमथ-आकुली आ कुली गमि न जाइ ।
आंणि रे कमल-नी पांखडी आंखडी टाढिक थाइ ॥६९

जिम जिम शशिहर सहीए हीए दहि अनगि ।
तिम तलि तपइ तलाईय लाईय चंदन अंगि ॥७०

भूलीय भमइ चद्रावलि वाउली थिई वन-मांहि ।
विलपति कान्ह गदाधर आ धरणीधर वाहि ॥७१

उगटि अगरि किसा कर सागर आगर थाइ ।
हरि-विण मनमथि आकुली आ गला ककण जाइ ॥७२

विरहणी रयणि न जातीय गातीय गीत निशंक ।
मेल्हिउं जंत्र निहालीय वालीय गयणि मयक ॥७३

हूं विरहानिल-अहि-गली सही गली ग्यां सवि अंग ।
लोचन अ जन म धरि रे अवरि रे ऊडिउ रग ॥७४

नखी मनि आधि समावि जवाधि न जंप न होइ ।
मेन्हि यशोमइ-नदन नदन-त्रिभुवन कोइ ॥७५

उरि विरहानलि फूँकीय मूँकीय गिउ हरि हाथ ।
गिउ रस देह-नु सूकीय चूकीय प्राण-नु नाथ ॥७६

श्लोक:

ततो ददृशुरायान्त विकास-मुख-पङ्कजम् ।
गोप्यस्त्रिलोक गोप्तार कृष्णमक्लिष्ट-मानसम् ॥७७ [१५]

(वि. पु. ५, १३, ४३)

काचिदालोक्य गोविन्द निमीलित-विलोचना ।
तस्यैव रूपं ध्यायन्ती योगारूढेव लक्ष्यते ॥७८ [१६] (वि. पु. ५. १३ ४६)

काचिद् भ्रू-भङ्गुर कृत्वा ललाट-फलकं हरिम् ।
विलोक्य नेत्र भृङ्गाभ्या पपौ तन्मुख-पङ्कजम् ॥ ७९ [१७]

(वि. पु. ५. १३. ४५)

[फाग]

गोपी इम मनि कलपतां जलपतां यादव-चन्द ।
दुख सवे हिवि नीठउँ दीठउ राय मुकुन्द ॥८०

आवति ते हरि हरिखीय निरखीय निरूपम-रूप ।
ध्यातीय ते मनि आणिउँ जाणिउँ ब्रह्म-सरूप ॥८१

भमहडी निलइ निरोपीय गोपीय कोपीय अंगि ।
वयण-कमल मन वीधूँय पीधूँय लोचन-भृङ्ग ॥८२

श्लोक:

आविउ वसत भूय-मडलि स्वर्ग छाँडी ।
तु पाँनि फूलि पहिलु वनराइ माँडी ॥

मुर्या अछि चिहुँ दशे सहइकार-वृक्ष ।
बइठा तिहाँ भ्रमर कोकिल कोटि लक्ष ॥८३

[फाग]

आविउ वसत विशेख तु पेखतु कान्ह-विलास ।
गोपीय-सिउँ मन भेलतु श्रीरंग रास ॥८४

कुसुम-पराग ऊडाडतु पाडतु विरहीयाँ त्रास ।
कामी-नाँ मन हरतु करतु शरद-नु नाश ॥८५

कोइल काननि कूजइ धूजइँ पथीयाँ-प्राँण ।
स्मर शर वेधक जाणीय ताणीय मूँकियाँ बाँण ॥

केसूय-कुसुम प्रकासिउँ भासिउँ वनह विशेखि ।
मानिनी-मान-निवारण वारुण अंकुश पेखि ॥८७

इलोकः

तु वेलि वउलसिरि केतकि रायचाँपा ।
देखी फिर्यां भमर जोइ किसाँ जि लाँपा ॥

हावया (?) ति मलयानल वेलि धाई ।
नाठा सवे कमल-मन्दिर-माँहि जाई ॥८८

[फाग]

चाँपलइ चंपक बहिकइँ विरहीयाँ साथ ।
परिमल केवड-केवडइ के वडइ ऊभीय हाथि ॥८९

मनमथ पीडि म पीडि म भीडि म पाडल-तूण ।
मारि म तू शर साँधीय आधीय लागसि खूण ॥९०

पच हुताशन मुनि-जन निज-नि प्रजालीय देह ।
देखीय फलीय ते नारिँग नारि गयाँ मन तेह ॥९१

इलोक

नीसाँसडा विरह-दुर्बल नारि मेल्हइ ।
सयोगि वा तरुण-लोक वसत खेलइ ॥

(जोगिंद एक पुण नेमिकुमार जोइ ।
शृङ्गार-हास्य-रस-माँहि पडइ न मोहि) ॥९२

[फाग]

देखीय कावीय फइरीय वइरीय भ्रमर म चूँबि ।
भोगवी करम-विपाकीय पाकीय केलि-नी लूँबी ॥९३

अलि नलिनी नवि वीधउ पारधि-कोम ।
सखि गुणि रूपि न लीजइ दीजइ कहि हिवइ दोस ॥९४

वेउल वेलि सवेलीय बेलीय विलसइ वीर ।
वहिनि कहि नि किम कीजइ दीजइ कहि हव हत्र मीर ॥९५

नवलु नित दित अलीयल अलीयल जंपी जाइ ।
नव-मदि मातीय मालती माल तीणइँ मिउँ थाइ ॥९६

परिवरि कटकि केवडी वेवडी मनि म-न वेढि ।
भोगवि भमर भलेरीय हेरीय कोमल केढि ॥९७

करमदी करहि विटालीय टालीय भमरला म मेल्हि ।
अनुपम थई नव-जोगण पोइणि पाय म ठेलि ॥९८

रस-भरि म-न करि कमलिनि मलिन मधुर सिउं नेह।
षहिसीय वेउल-नी कुली नीकली जाइसि एह ॥९९

इक युद करमदी किसिमिसि विमिम सि घरतीय राग।
माणि म मूरख इ खडी आँखडी सिउं वेउ भ ग ॥१००

श्लोकः

ताभिः प्रसन्नचित्ताभिर्गोपीभि' सह सादरम्।
रराम रास-गोष्ठिभिरुदास्चरितो हरिः ॥१०१ [१८]

रास-मण्डल-वन्धोऽपि कृष्ण-पार्श्वमनुस्थितः।
गोपी-जनेन नैवाभूदेक-स्थान-स्थिरात्मना ॥१०२ [१९]

हस्ते प्रगृह्य चैकैका गोपिकां रास-मण्डले।
चकार तत्कर-स्पर्श-निमीलित-दृश हरि ॥१०३ [२०]

ततश्च प्रवृत्तो (?) रासश्चलद्वलयनिःस्वनः।
अनुयात -शरतकाव्य-गोपी-गीतिरनुक्रमात् ॥१०४ [२१]

(वि पु ५, १३,४८–५१)

फाग]

पाखलि मांडलि रोपीय गोपीय खेलइ रास।
गाइ ते सामीय-यादव माधव माधव-मास ॥१०५

परवरिउ मृग जिम हरिणीय करिणीय यूथि गयद।
आलवइ कठ निहालीय आलीय-माँहि मुकुंद ॥१०६

श्रीरग अ तरि अ गना अ गे-ना विलरइ भेदि।
परिरभ दि गोपी तेह-नि जेह-नि न फलइ वेद ॥१०७

श्लोक

अङ्गनामङ्गनामन्तरे माधवो।
माधवं माधय चान्तरेणाङ्गना॥

इत्थमाकल्पिते मण्डले मध्यगः।
सजगौ वेणुना देवकी-नन्दनः ॥१०८ [२२]

(विल्वमगलकृत, कृष्णामृत, रासाष्टक,)

[फाग]

निशि-भरि नाचइ गोपीय लोपीय लाज-नी रेख।
दह दिसि दिसवि भमरीय समरीय माधव-वेख ॥१०९

नचइ नितु नवूं नारीय चारीय श्रीरग-साथि।
राग वसंत ते आलवि चालवि वल्लकी हाथि ॥११०

मांन वरइ एक तालीय तालीय कर-तलि नारि ।
थापिउँ जीणइ द्रूपदि द्रूपदि गाइँ मुरारि ॥१११

नाचइ गोप-किसोरीय गोरीय चपक वानि ।
हाथि रे सोहई हाथल साथल रंभ-समान ॥११२

कानि रे नागला हींचई सींचई रस सिणगार ।
कटि-तटि मेखल खलकि झलकि उरवरि हार ॥ १३

खेलइ वेणि ढलकती झलकती झालि कपोलि ।
रेखीय अंजन नयणि रे वयणि रे भरीय तंबोल ॥११४।

नयणे जीतु लाएणु रे वेणु हराविउ कठि ।
कांचू-कसण कि त्रूटइ छूटइ मान-नी गंठि ॥११५

अधर कि बिंब प्रवालीय वालीय दशनि सुरंग ।
नाकि अमूलिक मोतीय जोतीय जाणइ कुरग ॥११६

बांहडी झलकि केउर नेउर झमकि पाय ।
नाचतां नीरज-नयणीय रयणी क्षण इक थाइ ॥११७

खेलइ तेवड-तेवडी केवडी-रूंप-सो वान ।
दीस सवि सुरपुर-वसी उरवसी-रंभ-समान ॥११८

कीधु अधर भुयगमि सगमि निशि डसी खड ।
देखीय झबकी आफणी आ फणी वेणीय दड ॥ १९

मृगमद-तिलक निहालि रे भालि रे भालि अनंग ।
आठमि-केरु चंद कि मंद कि मांहि कुरंग ॥१२०

नयणि निवेशीय अंजन खजन जाणि विलास
जीतु शशिहर वयणि रे गयणि रे गिउ विमासि ॥१२१

देखीय मोतीय नाक कि झाक करइ तिल-फूल ।
कानि कि झबकि झालि रे लालि नहीं ते-मूल ॥१२२

कघर कि जगत्र-वदीतुँ जीतुँ य बिंब-प्रवाल ।
इक वनि तप करि सायरि कायरि कीधु काल ॥१२३

कंठि सदा वसइ वाणीय जांणी कुंब त्रिरेख ।
वीणा-वेणु-नु जय करी मय-करी काढीय लेख ॥१२४

हार एकाउलि गग तुङ्ग कि कुच नग-शृंग
पामिवा कलीय कि चपकि झंप करि वहु भृङ्ग ॥१२५

नील नदी कि रोमालीय वालीय त्रिवलि तुरंग ।
झीलइ मनमथ-कांमीय पामीय रति रत रग ॥१२६

नाभि रसातलि परिहरी फरहरी नव रोम-राइ ।
कय-कलसामीय राखिया चाखिया उरई कि जाइ ॥१२७

मांडिउ मनमथि मडल मंडल-कटि-तट जेह ।
मुनि-जन-नां मन मारीय धारीय काम क देह ॥१२८

सांभली रणकतां हंसक हंस गयां वि न मासि ।
ऊपम उदर-सिउं करतु डरतु गिउ हरि नासि ॥१२९

कांमिनी काम-तरगिणी त रगिणी सुरत-विलासि ।
वांहडी वेउ मृणालीय वालीय कटि-तटि पाशि ॥१३०

युवन-जन-दुख-विमोचन लोचन चंचल मीन ।
अहिनिशि मिलइ अशोक कि कोक कि कुच-युग पीन ॥१३१

अरुण चरण कर-कमल कि अमल कि अमल कि पुलिन नितंब ।
दीसइ ए मुख-चंद्र कि चद्र-तणु प्रतिबिंब ॥१३२

वसंत विलास

[परिचय के लिए भूमिका के अन्तर्गत
'हिन्दी की आदिकालीन फागु कृत्तिया' देखे]

(१)

पहिलउं सरसति अरचिसु रचिसु वसत विलासु ।
फागु पयड पय बांधिहिं सधि यमक भल भास ॥

(२)

पहुतिय सिवरति सम रति हव रितु तणीय वसंत ।
दह दिसि पसरइ परिमल निरमल थ्या दिसि अ त ॥

(३)

वसंत तणा गुण गहगह्या महमह्या सवि सहकार ।
त्रिभुवनि जयजयकार पिकारव करइं अपार ॥

(४)

पदमिनी परिमल वहिकइं लहकइं मलय समीर ।
मयणु जिहा परिपथीअ पथीय धाइं अधीर ॥

(५)

मानिनि जन मन क्षोभ न शोभन वाउला वाइं ।
निधुवन केलि वलामीअ कामीअ अंगि सुहाइं ॥

(६)

मुनि जन नां मन भेदइ छेदइ मानिनि मान ।
कामीअ मन आनदइ कदइ पथिक पराण ॥

(७)

घनि विरच्यां कदलीहर दीहर नंडल माल ।
तलीआ तोरण सुन्दर चदरवालि विशाल ॥

(८)

खेलन वावि सुखालीय जालीअ गुष विश्राम ।
मृगमद पूरि कपूरिहिं पूरिया जल अभिराम ॥

(९)

रंगभूमी सजकारीअ झारीअ कुंकुम घोल ।
सावन साकल साधीअ बाधीअ चपक डोलि ॥

(१०)

तिहां विलसइं सवि कामुक जामुक हृदय चइ रगि ।
काम जिसा अलवेसर वेस रचइं वर अ गि ॥

(११)

अभिनव परि शिणगारीअ नारीअ मिलइं त्रिसेसि ।
चदनि भरइं कचोलीअ चोलीअ मण्डन रेसि ॥

(१२)

चन्दन वन अवगाहीय नाहीय सरोवर नीरि ।
तीण वनि दोधु प्रदक्षण दक्षण तणउ समीरि ॥

(१३)

नयर निरो पीअ ती वनु जीवनु तणउ युवान ।
वास भुवनि तिहा विलसइ जलसइं अक्ति अल आण ॥

(१४)

नव यौवन अभिराम ति रामति करइं सुरंगि ।
स्वर्गि जिस्या सुर भासुर रासु रामइं मन रगि ॥

(१५)

कामुक जन मन जीवनु ती वनु नयन सुरगु ।
राजु करइ नव भगिहि रगिहि राउ अनगु ॥

(१६)

अनिजई वसइं अनत रे वसत तिहां परधानु ।
तरूवर वास निकेतन केतन किशल संतानि ॥

(१७)

वनि विलसइ श्रीअ नदनु चदन चंद चु मीतु ।
रति अनइ प्रीति सिउं सोहए मोहए त्रिभुवन चीतु ॥

(१८)

गरूड मदन महीपति दीपति सहिणु न जाइ ।
फरइ नवी परि जुगति रे जगति प्रतापु न माइ ॥

चन्दन नन्दन गध, भोगिए भोगि सम्बन्ध,
भविकुल रणभरणाइ ए कामी कुणकुणइं ॥२४॥

रासक

धणवरि आदिय प्रभु वीनविउ, नविदसइ दिसरि रे,
माधव माधव भेटण आविन देव मुरारि रे ॥२८॥

धात सुणी प्रभु मणि अति हरखिए, निरखिय गृह परिवार रे,
निज परिवारिड जदव पहुतु वनह मभारि रे ॥२९॥

धण भरि नमती तरुणी करुणी, वरुणी चरण संचारि रे;
चालइ चमकत भमकत नेउर, केउर कटक विशाल रे ॥३०॥

× × ×

वेणिय वयणि भिपंतरि, भितरी रहिउ सिरि नाग,
अधर रग परवालिय, चालिय नावइ भाग ॥३३॥

× × ×

अढैयु

गजवड़ि पहिरइ जाल, सिरिवरि मौतिय जल,
कर्राजत कमलू ए, अति नख विमलू ए ॥३७॥

× ×

फागु

उठइ उसरवरि घाटडी, वाटडी जइ रमंत,
कंठि मनोहर किन्नरी पय पणमत ॥४०॥

आंदोला

नाजइ गोपियवृंद, वाइ मधुर मृदंग,
मोडइ भंग सुरंग, सांरग धर वाइन महुयरि ए,
कुलवण महुवर ए ॥४१॥

× ×

गाइ अभिनव फाग सांचवइं श्री राग,
नवगति मूकई पाग, सारंगधर ॥४३॥

कर लिइ पकज नाल, सिरिवारि फेरइ वाल,
छंदि हि वाजइं ताल, सारगधर ॥४४॥

× ×

तारा माहि जिम चन्द, गोपिय माहि मुकुन्द,
पणमई सुर नर ईंद, सारंग वर० ॥४८॥

रास

गोपिय लोपिय ठाण निरोपिय, वनिवनि भमई मुकुन्द रे,
वस्त्र पीचारी किहिं संचारी ? वोलित कुल नभ चन्द रे ॥५१॥

घाट घाट सवि वांवइ साहियर, अहियर तव कुण रंग रे,
अह्म मूकी तु मिमि हिव चालई ? पालइ गोपिय वृन्द रे ॥५२॥

× ×

फागु

गोपिय गोपति क्रीडत, हींडत वनह मझारि,
मारुत प्र रित व्रनभर, वन भर नमईं मुरारी ॥५७॥

× ×

निर्मल जमुनरि खेलत, हेलत हेल प्रवाह,
वातई चालइ छाहडी, वांहडी, प्रिय उत्साह ॥६०॥

अढैयु

क्रीडा करी गोविंद, विनमत सकल नारिंद,
पुहुता निज पुरीए, सहित अन्ते उरीए ॥६१॥

× ×

देव तणउ ए फाग, पढई गुणई अणुराग,
नवनिधि ते लहई ए, जे पणि सभलई ए ॥६४॥

नारायण फागु

इस कृति में वसन्तागमन पर कृष्ण के सपरिवार रास-क्रीडा करने का वर्णन किया गया है। इसमे सस्कृत का एक श्लोक आया है:—

पौराणैः कीर्तितो देव त्वामेव भुवनाधिपः ।
नतर्षि श्री जगदव द्यो ज्ञानी ध्यानी गुणी कविः ॥

'नतर्षि' शब्द के आधार पर मणिलाल बकोर भाई व्यास ने उक्त फागु को नतर्षि कृत माना है। लेकिन नतर्षि सज्ञा न होकर कृष्ण के लिए विशेषण प्रतीत होता है, जिसका अर्थ है—ऋषिगण जिसको नमन करते है। रचयिता सम्बन्धी दूसरी सम्भावना मणिलाल बकोर भाई व्यास ने प्रस्तावित की थी कि रचना, विषय और वर्णन कौशल की दृष्टि से नारायण फागु 'वसन्त विलास' जैसा ही फागु है। वर्णन साम्य है। अतः इनका रचयिता एक ही कवि यानी नतर्षि हो सकता है।[1]

'नतर्षि' शब्द के बारे मे पहले ही कहा जा चुका है। जहां तक 'नारायण फागु' और 'वसत विलास' के साम्य का प्रश्न है—वहा वैषम्य ही अधिक है। 'वसत विलास' मे सामान्य नायक-नायिका के विलास का वर्णन है तो 'नारायण फागु' मे कृष्ण और रानियो के विलास का। 'वसत विलास' का शृङ्गार उद्दाम है तो 'नारामण फागु' का मर्यादित। 'वसन्त विलास' मे अन्तर्यमक वाला दोहा आया है तो नारायण फागु छन्द वैविध्य परक परम्परा मे निबद्ध है। अतः दोनो रचनाएँ एक कवि की नही हो सकती हैं।

कृति मे पहले सोरठ तथा पीछे द्वारिका का वर्णन किया है। इसके बाद कृष्ण के पराक्रम और वैभव का यहाँ गान हुआ है। अन्त मे कृष्ण की सहस्र पट-रानियो और परिवार सहित की गई वन-क्रीड़ा का वर्णन हुआ है।

कृति साक्ष्य से इसकी रचना सम्वत् १४९७ मे हुई थी।

१. नरसिंह युगना कविओ, भाग २ सं० क० मा० मु०।

नारायण फागु

रचना काल–सवत् १४६७ से पूर्व

वन्निसु फागि नारायण, रायणमइं जसु पाइ,
तस गुण अणुदिण खेलत, हेल तजइ अपाइ ।।२।।

जबुय दीविंई भणिए, सुणिय ए सोरठ देस,
पवरग आगर गरुड़, वरुउ नहि सन्निवेस ।।३।।

× × ×

राज करई श्री रग , धरणी जस श्री रग,
यादव नायकु ए, वांद्दित दायकु ए ।।८।।

जरासिधु बल लोडिय, मोडिय नरपति लाख,
रणभरि कुणांव ऊगारिय, तारिय जद्दवसाख ।।९।।

× ×

उत्तर दक्षिण देस, पूरव लिई सविशेष,
पश्चिम राजुउ ए, नहि पराजु ए ।।१५।।

गोपिय सहस अठार, विहु ऊणु परिवार,
रूविहि रतीवतीए, गृह गुण गणवती ए ।।१६।।

फागु

आविय मास वसंतक, संत करइ उत्साह,
मलयानिल महि वायउ, आयउ कामगिदाह ।।१७।।

× ×

अढैयु

सोहइ फलि सहकार, कोइलि करई टहकार,
पचम रागू ए, जण सुह भागू ए ।।२१।।

× ×

नारिय तनना रंग, अभिनव कुल नारंग,
सिरि भरि सुरतरु ए, मोहई सुरनरु ए ।।२३।।

(१९)

कुसुम तणुं करि घणुह रे गुणह भमरला माल ।
लख लाघवि नवि चूकइ मूकइ शर सुकुमाल ।।

(२०)

मयणु जी वयणु निरापइ लोपइ कोइ न आण ।
मानिनी जन मन हाकइ ताकइ किशल कृपाण ।।

(२१)

इम देषी रिधि काम नी कामिनी किंनर कंठि ।
नेह गहेलीअ मानिनी मान नी मूंकइ गंठि ।।

(२२)

कोइलि आंबुला डालि हिं आलिहिं करइ निनादु ।
काम तणउ करि आइसु आयज पाडइ सादु ।।

(२३)

थभण थिय न पयोहर मोहु रचु म एमारि ।
मान रचउ किसा कारणि तारूण दीह विच्यारि ।।

(२४)

नाहु म छीछि रि गामटि सामटि माणु अयाणि ।
मयणु महाभडु क सहीअ सही इ हियइ हणइ वाणि ।।

(२५)

इणि परि कोइलि कूजइ पूजइं युवति मणोर ।
विधुर वियोगिनी धूजइं कूजइ मयण किसोर ।।

(२६)

जिम जिय विहसइ वणसइ विणसइ मानिनी मानु ।
यौवन मदिहिं ऊदप नी दंपती थाइ युवान ।।

(२७)

घूमइं मधुप सकेसर के सर कुसुमि असंख ।
चालतइ रतिपति सूरइं पूरइं सुभट कि सख ।।

(२८)

बुलि (त्रउलि) विलूढल महूअर रचइं झणकार ।
मयण रहइं करइं अगु दिण वदिण जयजयकार ।।

(२९)

चांपुला तरुवर नी कली नीकली सोवन वानि ।
मार मारग उदीपक दीपक कलिय समान ।।

(३०)

वांधइ काम निकरकसु तरकसु पाडल फूल ।
माहि रच्या किरि केसर बे सर निकर निमूल ॥

(३१)

आवुलइ मांजरि लागीय जागीय मधुकर माल ।
मूंकइ मारु कि विरहिअ हीअइ स धूम वराल ॥

(३२)

केसूअ कलिय ति वांकुडी आंकुडी मयरा ची जारिए ,
विरहिय ना इरिए कालि जु कालिजु काढइ तारिए ॥

(३३)

वीर सुभट कुसुमायुध आयुध शाल अशोक ।
किशल जिसा असि झलकइं झवकइं बिरहिरिए लोक ॥

(३४)

पथिक भयंकर केतु कि केतुकि दल सुकुमारि ।
अवर ति विरह विदारण दारुण करवत वार ॥

(३५)

इम देषीअ वन सपइ कपइ विरहिणी साथ ।
आंसू ए नयण निशां भरइ सांभरइं जिए जिम नाथ ॥

(३६)

विरह करालीअ वालीअ फालीअ चोलीय चंग ।
विषय गिणइ तृण तोलइ बोलइ ते बहु भंगि ॥

(३७)

